# शकुन टाइम्स

निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज

गोरखपुर, मंगलवार 29 अक्टूबर 2024 नगर संस्करण | पृष्ठ:-8 मूल्य:-4 रूपया | वर्ष:- 13, अंक 296





प्रधानमंत्री मोदी आज नीमच...
● लखनऊ से प्रकाशित हिंदी दैनिक समाचार पत्र
● टर्निंग पिचों पर खेलने से ...


# भारत में रक्षा क्षेत्र के साजो-सामान का निर्माण तंत्र नई ऊंचाइयों को छू रहा है: प्रधानमंत्री मोदी

## भारत आज विश्व में वायुयान विनिर्माण के क्षेत्र में एक विश्वसनीय भागीदार

एजेंसी



**वडोदरा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत में रक्षा क्षेत्र के साजो- सामान का निर्माण तंत्र नई ऊंचाइयों को छू रहा है और देश में एक नई कार्य संस्कृति पैदा हुई है। श्री मोदी ने यहां भारतीय वायु सेवा के लिए नए परिवहन विमान सी- 295 की नई विनिर्माण इकाई के उद्घाटन के दौरान यह बात कही।

यह इकाई टाटा समूह और यूरोप की एयरबस एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज के सहयोग से स्थापित की गई है। यहां टाटा टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड के टाटा एयरक्राफ्ट काम्प्लेक्स में स्थापित इस नई सुविधा के उद्घाटन समारोह में स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज भी शामिल थे। दोनों प्रधानमंत्री ने नए कारखाने का एक साथ भ्रमण भी किया। यह कारखाना भारत में निजी क्षेत्र में किसी सैन्य विमान के निर्माण की पहले पूर्ण असेंबली सुविधा है। श्री मोदी ने इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में स्थापित सी - 295 वायुयान विनिर्माण का यह कारखाना यह साबित करता है कि भारत आज विश्व में वायुयान विनिर्माण के क्षेत्र में एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में स्वीकार किया जाने लगा है। उन्होंने इस अवसर पर अपनी सरकार के विनिर्माण क्षेत्र के प्रोत्साहन के लिए गढ़े गए नारे- मेक इन इंडिया ,मेक फॉर द वर्ल्ड (भारत में बनाओ, दुनिया के लिए बनाओ) का भी उल्लेख किया। श्री मोदी ने कहा कि सी-295 सैन्य परिवहन विमान की यह फैक्टरी 'नये भारत में नई कार्य संस्कृति' की झलक देती है। उन्होंने कहा, भारत का रक्षा विनिर्माण उद्योग नई ऊंचाइयों को छू रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्पेन के प्रधानमंत्री सांचेज की यह पहली भारत यात्रा है और भारत तथा स्पेन की भागीदारी नई ऊंचाइयां छू रही है। उन्होंने कहा कि यह नया कारखाना न केवल दोनों देशों के संबंधों को और सशक्त करेगा बल्कि 'मेक इन इंडिया मेक फॉर द वर्ल्ड मिशन' को भी गति प्रदान करेगा। श्री मोदी ने इस अवसर पर एयरबस और टाटा समूह की पूरी टीम को नए कारखाने को तीव्र गति से स्थापित करने के लिए बधाई दी। श्री मोदी ने टाटा समूह के पूर्व अध्यक्ष रतन टाटा को भी श्रद्धांजलि अर्पित की, जिनका हाल में निधन हो गया। प्रधानमंत्री ने इस कारखाने की आधारशिला अक्टूबर 2022 में रखी थी और अब यह वायु सेना के लिए परिवहन विमान के विनिर्माण के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में निजी क्षेत्र के लिए अवसरों का विस्तार कर रही है और सरकारी कंपनियों को और अधिक कार्य कुशल बना रही है।

## एक ही परिवार के तीन सदस्य डूबे, मां की मौत

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में एक ही परिवार के तीन सदस्य नहर के तेज बहाव में बह गए जिनमें से केवल मां का शव बरामद हो सका है। घटना सीएसईबी चौकी क्षेत्र के राताखार जोड़ा पुल के पास की है, जहां दो बच्चे नहर में नहाने आए थे। इस दौरान अचानक पानी के तेज बहाव में बेटा और बेटी बहने लगे। बच्चों को डूबता देख मां सुषमा मानिकपुरी ने बिना देर किए नहर में छलांग लगा दी लेकिन वह भी डूब गयीं। जब तक सुषमा को नहर से बाहर निकालते तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। आसपास मौजूद दो युवकों ने बच्चों की चीख-पुकार सुनते ही नहर में छलांग लगाई। और करीब एक किलोमीटर दूर जाकर सुषमा को नहर से बाहर निकाला, मगर उन्हें बचाया नहीं जा सका। इस हादसे में मैगजीन भाटा की निवासी सुषमा की मौत हो गई है जबकि उनके 14 वर्षीय बेटी सिमरन और आठ वर्षीय बेटे प्रतीक की तलाश अब भी जारी है। पुलिस को भी इस हादसे की जानकारी दी गई है और प्रशासन की टीम बच्चों की तलाश में जुटी हुई है।

## स्वामी रामभद्राचार्य की डांट के बाद ट्रोल हुए अभिनव अरोड़ा पहुंचे कोर्ट, दायर किया मुकदमा

एजेंसी

**मथुरा।** बाल संत के नाम से विख्यात अभिनव अरोड़ा स्वामी रामभद्राचार्य की डांट के बाद सोशल मीडिया पर खूब ट्रोल हो रहे हैं। इसके खिलाफ अब वह अदालत पहुंच गए हैं।



सोमवार को एसीजेएम प्रथम की अदालत में अभिनव ने सोशल मीडिया पर उन्हें ट्रोल करने और धमकी देने का आरोप लगाते हुए वाद दायर किया है। वह अपनी मां ज्योति अरोड़ा के साथ अदालत में वाद दायर करने दिल्ली से मथुरा आए थे। अदालत ने सुनवाई के लिए 6 नवंबर की तिथि निर्धारित की है। अभिनव के अधिवक्ता आजाद खोकर ने बताया कि अभिनव का मकान शहर में भी है। सोशल मीडिया पर बाल संत के नाम से विख्यात अभिनव अरोड़ा को विगत कुछ दिन से सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभिनव अरोड़ा का एक वीडियो वायरल है, जिसमें वह एक धार्मिक कार्यक्रम में जगदगुरू स्वामी रामभद्राचार्य के साथ मंच पर मौजूद दिख रहे हैं। तभी जगदगुरू ने उन्हें डांट दिया था। इसके बाद उन्हें मंच से उतार दिया गया। इसी को लेकर कुछ यूट्यूबरों ने उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोल करना शुरू कर दिया। इतना ही नहीं उन्हें सोशल मीडिया पर जान से मारने तक की धमकियां दी जानें लगीं। इसी को लेकर अभिनव अरोड़ा अपनी मां ज्योति के साथ सोमवार को मथुरा पहुंचे। उन्होंने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 173 (4) के तहत ट्रोल करने वाले सात यूट्यूबरों व अन्य के लोगों के खिलाफ अदालत के माध्यम से रिपोर्ट दर्ज करने के लिए एसीजेएम प्रथम की अदालत में वाद दायर किया है। अदालत ने उनके वाद को स्वीकार कर लिया है। अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 6 नवंबर की तिथि निर्धारित की है।

# साहेब ने परिवार में डाली फूट

## भावुक होकर बारामती में चाचा पर बरसे अजित पवार

एजेंसी




**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख अजीत पवार ने भावनात्मक रूप से अपने चाचा शरद पवार पर निशाना साधते हुए उन पर परिवार को विभाजित करने और बारामती सीट पर उनके खिलाफ परिवार के एक सदस्य को खड़ा करके निचले स्तर की राजनीति करने का आरोप लगाया। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए बारामती विधानसभा से नामांकन दाखिल करने वाले अजीत पवार एक रैली को संबोधित करते हुए भावुक हो गए और कहा कि मैंने पहले गलती की थी, लेकिन ऐसा लगता है कि अब अन्य लोग भी गलती कर रहे हैं। मैं और मेरा परिवार पहले बारामती में पर्चा दाखिल करने पर सहमति बनी थी, लेकिन चुनौतियों के बावजूद ऐसा नहीं हुआ, हम स्थिति में सुधार करने में कामयाब रहे। मेरी मां बहुत सहयोगी रही हैं और उन्होंने यहां तक सलाह दी कि उन्हें (शरद पवार गुट) अजित पवार के खिलाफ किसी को भी नामांकित नहीं करना चाहिए। हालांकि, मुझे बताया गया कि साहेब (शरद पवार) ने किसी को मेरे खिलाफ नामांकन दाखिल करने का निर्देश दिया था। उन्होंने कहा कि साहेब ने परिवार में फूट पैदा कर दी। भावुक होते हुए डिप्टी सीएम ने कहा कि मैं सिर्फ इतना कहना चाहता हूं कि राजनीति को इतने निचले स्तर पर नहीं लाना चाहिए क्योंकि परिवार को जोड़ने में पीढ़ियां लग जाती हैं लेकिन परिवार को तोड़ने में एक पल भी नहीं लगता। अजित पवार को उनके भतीजे और शरद पवार के पोते युगेंद्र पवार के खिलाफ मैदान में उतारा गया है।

# सेना के काफिले पर हमला करने वाले 3 आतंकी ढेर

## अखनूर में सुरक्षाबलों का बड़ा एक्शन

एजेंसी

**श्रीनगर।** जम्मू के अखनूर इलाके में सुरक्षाबलों ने तीन आतंकियों को मार गिराया है. सोमवार को सेना के काफिले पर घात लगाकर किए गए हमले के बाद सुरक्षाबलों ने इलाके में ऑपरेशन शुरू किया था जिसमें तीन आतंकवादियों को मार दिया गया है।



मारे गए आतंकियों के पास से हथियार और गोला-बारूद मिले हैं सेना का ऑपरेशन अभी जारी है। इससे पहले सोमवार सुबह अखनूर में सेना की एक एंबुलेंस पर आतंकियों ने फायरिंग की थी। ये हमला जोगवान एरिया में हुआ था। तस्वीरों और वीडियो में गाड़ी पर गोलियों के कई निशान दिखाई दे रहे थे। हमले के बाद इलाके में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया गया है। 32 फील्ड रेजिमेंट ने पूरे इलाके को घेर लिया है इस गोलीबारी में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। घटना आज सुबह करीब 7 बजे हुई जब सेना के वाहनों पर 3 आतंकियों ने फायरिंग की। सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि इलाके में तीन आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद पाकिस्तान की सीमा के पास अखनूर सेक्टर में सोमवार सुबह तलाशी अभियान शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि खौर के भट्टल इलाके में असन मंदिर के पास ग्रामीणों ने भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना दी थी। अधिकारियों ने बताया कि जब सेना की एक एंबुलेंस गांव से गुजर रही थी, तभी गांव में कुछ गोलियों की आवाज सुनी गई जो सेना के वाहन पर चलाई गई थीं। सेना के जवानों ने पुलिस के साथ मिलकर गांव और आसपास के इलाकों की घेराबंदी कर दी है और सीमा पार से घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों का पता लगाने और उन्हें बेअसर करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।


## एक ही परिवार के तीन सदस्य डूबे, मां की मौत

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में एक ही परिवार के तीन सदस्य नहर के तेज बहाव में बह गए जिनमें से केवल मां का शव बरामद हो सका है। घटना सीएसईबी चौकी क्षेत्र के राताखार जोड़ा पुल के पास की है, जहां दो बच्चे नहर में नहाने आए थे। इस दौरान अचानक पानी के तेज बहाव में बेटा और बेटी बहने लगे। बच्चों को डूबता देख मां सुषमा मानिकपुरी ने बिना देर किए नहर में छलांग लगा दी लेकिन वह भी डूब गयीं। जब तक सुषमा को नहर से बाहर निकालते तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। आसपास मौजूद दो युवकों ने बच्चों की चीख-पुकार सुनते ही नहर में छलांग लगाई। और करीब एक किलोमीटर दूर जाकर सुषमा को नहर से बाहर निकाला, मगर उन्हें बचाया नहीं जा सका।


# सरदार पटेल की जयंती के कार्यक्रम में कार्यकर्ता बढ़चढ़ कर भाग लें : जेपी नड्डा

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने पार्टी के कार्यकर्ताओं का देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री भारत रत्न सरदार वल्लभ पटेल की 150वीं जयंती को धूमधाम से मनाने और मंगलवार को होने वाली रन फॉर यूनिटी में बढ़ चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया है।

श्री नड्डा ने आज यहां एक बयान में कहा कि भाजपा, भारत के लौह पुरुष, आजादी के बाद भारतवर्ष के एकीकरण के सूत्रधार, दूरद्रष्टा एवं देश के पहले उप प्रधानमंत्री भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को पूरे हर्षोल्लास के साथ देश भर में मनाती है। 2014 में श्री नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के पश्चात केंद्र सरकार पूरे देश में आदर एवं सम्मान के साथ सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती आदर एवं सम्मान के साथ मनाई जाती है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि सरदार पटेल की 143वीं जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 31 अक्टूबर 2018 को दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का अनावरण किया था। इस दिन केंद्र सरकार की ओर से 'रन फॉर यूनिटी सहित कई कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं और सरदार पटेल को नमन कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के आह्वान पर हम 2014 से सरदार पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाते हैं। उन्होंने कहा, इस वर्ष सरदार पटेल जी जयंती का 150वां वर्ष शुरू हो रहा है। इस अवसर पर मोदी सरकार द्वारा अनेकों कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। मेरा पार्टी के कार्यकर्ताओं से विनम्र अनुरोध है कि आप इन कार्यक्रमों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें।

## जौनपुर में धर्म परिवर्तन कराने में चार गिरफ्तार

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के सिकरारा थाने की पुलिस ने सोमवार को धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में दो महिलाओं समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक डा अजय पाल शर्मा ने बताया कि पुलिस ने धर्म परिवर्तन के लिये भय एवं अंधविश्वास का उपयोग कर लोगों को बहकाने वाले ईसाई धर्म अपनाने की प्रेरणा देने वाले अभियुक्त गणों राम बाबू गौतम , संजीव कुमार गौतम ,रोशनी गुप्ता और रोहिता उर्फ आंचल को आज क्षेत्र के ग्राम बढ़ौली नोनियान से गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से दो बाइबिल बरामद किया गया। गिरफ्तारी बरामदगी के आधार पर धारा 191(2) बीएनएस व धारा 3/5(1) उ0प्र0 विधि विरूद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेद अधि0 में पंजीकृत करने के बाद सभी अभियुक्तो को जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया गया है।


RNI : UPHIN/2012/45286

शकुन टाइम्स
निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र (प्रिन्ट एवं डिजिटल मीडिया)
सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पंजीकृत

shakuntimes

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश के सम्पूर्ण जिले में तहसील और ब्लाक स्तर पर संवाददाता की
प्रिन्ट एवं डिजिटल मीडिया
यदि आप भी समाज में फैले हुए भ्रष्टाचार के विरुद्ध उठाना चाहते है आवाज़ तो शकुन टाइम्स दे रहा है आपको एक बेहतरीन मौका
अधिक जानाकारी के लिए
अपना नाम व जिला हमें
WhatsApp करें।
9935781155, 9415052283


## भारतीय वैज्ञानिकों ने कर दिया कमाल

# ब्रह्मांड के रहस्यमयी हिस्से में खोजा नया ग्रह

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारतीय वैज्ञानिकों ने अनंत ब्रह्मांड में एक नया ग्रह खोज निकाला है, जो पृथ्वी जैसा रहने लायक हो सकता है। भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (पीआरएल) के शोधकर्ताओं ने इस ऐतिहासिक खोज के बाद नए ग्रह को टीओआई-6651ड्ड नाम दिया है। यह ग्रह पृथ्वी से लगभग पांच गुना बड़ा और अपने सौरमंडल में सूर्य की परिक्रमा करता रहा है। इसका सूर्य हमारे सूर्य से मिलता-जुलता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि इसका द्रव्यमान पृथ्वी से लगभग 60 गुना ज्यादा है। ब्रह्मांड के जिस क्षेत्र में इस ग्रह की खोज की गई, उसे वैज्ञानिक अपनी भाषा में नेप्यूनियन रेगिस्तान कहते हैं। उस क्षेत्र में ऐसे किसी भी ग्रह का मिलना दुर्लभ है। यह पीआरएल वैज्ञानिकों द्वारा की गई चौथी खोज है। यह खोज वैश्विक अंतरिक्ष रिसर्च में भारत के बढ़ते योगदान को दर्शाती है। टीओआई-6651 नामक अनोखा ग्रह है, जिसका पृथ्वी के द्रव्यमान का लगभग 60 गुना ज्यादा है तथा इसका आकार पृथ्वी से लगभग पांच गुना अधिक है। खगोलशास्त्री ब्रह्मांड में जिस एरिया को नेप्च्यूनियन रेगिस्तान कहते हैं, वहां इस ग्रह की खोज हुई है। यह खोज इसलिए भी हैरान कर देने वाली है क्योंकि इस क्षेत्र में आमतौर पर इस आकार के ग्रह का अस्तित्व नहीं। टीओआई-6651बी की खोज ने वैज्ञानिकों की उत्सुकता इसलिए भी बढ़ा दी है, क्योंकि इसके अध्ययन से ग्रहों के निर्माण और विकास के बारे में काफी जानकारी मिल सकती है। यह ब्रह्मांड में ऐसा रहस्यमय क्षेत्र है जहां इस द्रव्यमान के बहुत कम ग्रह मौजूद हैं, इसलिए यह खोज यह पता लगाने का एक दुर्लभ अवसर है कि ऐसे ग्रह आमतौर पर वहां क्यों नहीं हैं और जो है वो किन परिस्थितियों में बना है। यह ग्रह अपने सूर्य टीओआई-6651 की परिक्रमा 5.06 दिन के चक्र में पूरी करता है। जिसका अर्थ है कि इसका वर्ष पृथ्वी के एक महीने के केवल एक अंश भी नहीं है। इस ग्रह का सूर्य टीओआई-6651 एक प्रतिशत-प्रकार का विशालकाय तारा है जो हमारे सूर्य से थोड़ा बड़ा और बेहद गर्म है।

# गो सेवा आयोग के उपाध्यक्ष ने गो आश्रय केंद्र का किया निरीक्षण

## गो सेवा आयोग के उपाध्यक्ष ने ग्राम प्रधान को शासन से हर सम्भव मदद दिलाने का दिया आश्वाशन

शकुन टाइम्स संवाददाता



**गोरखपुर।** चरगांवा विकास खंड के ग्राम पंचायत जंगल औराही में गत वर्ष लगभग तीन एकड़ भूमि कब्जा मुक्त करा कर एक एकड़ भूमि पर गौ आश्रय केंद्र स्थापित किया गया व दो एकड़ भूमि पर चारागाह हैं जिसमें पशुओं के लिए चारे का उत्पादन किया जा रहा है।

सोमवार को उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के उपाध्यक्ष अतुल सिंह द्वारा ग्राम पंचायत जंगल औराही में बने गो आश्रय केंद्र का निरीक्षण गौ पूजन के साथ किया गया लगभग एक एकड़ में बने गो आश्रय केंद्र में कुल 54 गाय मौके पर थी जिनके लिए गो आश्रय स्थल पर चारे की व्यवस्था के साथ स्टोर में भी समुचित चारे का प्रबंध था 54 गायों में 46नंदी 8 गाय थी बीमार गायों के लिए कोरोन्टाइन सेंटर बना हुआ था जिसमें दो गयो को रखा गया था गो आश्रय परिसर में बर्मी कंपोस्ट खाद व नाफेड का उत्पादन केंद्र था जिसका उत्पादन स्वयं सहायता समूह की महिलाएं करती हैं व वहीं उसको बाजार में बेचकर आय प्राप्त करती है गो आश्रय केंद्र के बगल में बने चारागाह में चारे का उत्पादन भी स्वयं सहायता समूह की महिलाएं करती है।

व ग्राम प्रधान द्वारा चारे का क्रय गौ आश्रय केंद्र में गाय के चारे के रूप में किया जाता है। निरीक्षण उपरांत उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग अतुल सिंह ने ग्राम प्रधान श्रीमती सीमा सिंह ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रामबचन सिंह खंड विकास अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह ग्राम विकास अधिकारी/ग्राम सचिव वकील कुमार को गोआश्रय केंद्र के उत्तम व्यवस्था के लिए प्रशंसा की। मीडिया कर्मियों के सवाल पर गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि ग्राम प्रधान द्वारा जो भी मदद हमारे विभाग से चाहिए हम सभी मदद शासन से दिलवाने का हर सम्भव प्रयास करेंगे। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत प्रधान जंगल औराही श्रीमती सीमा सिंह ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रामबचन सिंह ग्राम प्रधान बेलवाराय पुर श्रीमती रीता देवी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राम भवन शर्मा खण्ड विकास अधिकारी विकास खंड चरगांवा सत्य प्रकाश सिंह ग्राम विकास अधिकारी वकील कुमार डॉक्टर एस के मिश्रा पशुधन चिकित्सा अधिकारी सरैया बाजार विनोद चौधरी ग्राम रोजगार सेवक आदि मौजूद रहे।

### एसएसबी जवानों ने लिया भ्रष्टाचार मिटाने की शपथ

**श्रावस्ती।** सशस्त्र सीमा बल की 62वी वाहिनी की ओर से सतर्कता जागरूकता सप्ताह की शुरुआत की गई। सप्ताह के पहले दिन सोमवार को वाहिनी मुख्यालय भिनगा में आयोजित कार्यक्रम में एसएसबी अधिकारियों व जवानों ने भ्रष्टाचार मिटाने का संकल्प लिया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह तीन नवंबर तक किया जाएगा। कमांडेंट 62वीं वाहिनी के निर्देशन में एसएसबी द्वितीय कमान अधिकारी अमरेन्द्र कुमार वरुण सोमवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभरम्भ किया। इस मौके पर उन्होंने जवानों को भ्रष्टाचार रोकने की शपथ दिलाई। इस दौरान जवानों ने ईमानदारी, पारदर्शिता व कर्तव्यपरायणता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह का उद्देश्य न केवल भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूकता फैलाना है, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने कार्य में नैतिक मूल्यों का पालन करने के लिए प्रेरित करना भी है।

## संक्षिप्त सामाचार

### बूथ स्तर पर युवाओं का नाम शामिल करें

**बलरामपुर।** विधानसभा क्षेत्र गैसड़ी के गनेशपुर बाजार में गफूर पायनियर पब्लिक स्कूल में समाजवादी पार्टी की ओर से मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने को लेकर कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष माणिक लाल कश्यप ने की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सभी कार्यकर्ता मतदाता सूची में नाम शामिल कराने में जुट जाएं। इसके लिए हर घर का सर्वेक्षण होना जरूरी है। कार्यकर्ता बूथ स्तर पर सभी युवाओं का नाम मतदाता सूची में शामिल कराएं। किसी का भी नाम छूटने न पाए। इस मौके पर पूर्व विधायक रामसागर अकेला, अब्दुल अहद, शिशु पाल यादव, अमरनाथ वर्मा, पुजारी मौर्य, बन्ने खां, मोहम्मद उमर खां, नान बाबू यादव, जसवंत यादव, महबूब आलम, चंद्रिका यादव, त्रिभुवन यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### खरीद की रसीद भेजने पर जीएसटी विभाग देगा इनाम

**बहराइच।** उपायुक्त प्रशासन राज्यकर बहराइच चन्द्रकेश गौतम ने आमजन को सुझाव दिया है कि त्यौहारी सीज़न के दौरान 25 से 31 अक्टूबर के दौरान प्रदेश के अन्दर मिठाई, ड्राई फ्रूट्स एवं इससे सम्बन्धित गिफ्ट हैम्पर इत्यादि की खरीद करने पर दुकानदार से पक्का बिल (जिस पर जीएसटीएन नम्बर अंकित हो) प्राप्त कर राज्य कर विभाग के नम्बरों पर व्हाट्स ऐप करने वाले उपभोक्ताओं की लाटरी निकाली जाएगी और विजेता उपभोक्ताओं को विभाग द्वारा ईनाम दिया जायेगा। उपायुक्त प्रशासन श्री गौतम ने खरीदारों को यह भी सुझाव दिया है कि बिल पर अपना मोबाईल नम्बर अवश्य अंकित करें। श्री गौतम ने बताया की कोई भी खरीददार विभाग द्वारा मोबाईल नम्बरों 7235001060 से 1062, 7235001104, 7235001109, 7235001141 से 1143 तथा 7235002833 अथवा 7235002834 पर पक्की रसीद का व्हाट्सअप भेज कर लाटरी में सम्मिलित हो सकते हैं।

### अस्थाई दुकान लगाकर आतिशबाज़ी बेचने वालों को कराना होगी जीएसटी पंजीयन

**बहराइच।** उपायुक्त प्रशासन राज्यकर बहराइच चन्द्रकेश गौतम ने बताया कि अस्थाई रूप से दुकान लगाकर आतिशबाजी बेचने वाले दुकानदारो को जीएसटी में पंजीयन कराना होगा। राज्य कर विभाग द्वारा इन्हें कैजुअल डीलर के रूप में पंजीकृत किया जायेगा। इसमें टर्नओवर की सीमा नहीं होती है। जीएसटी अधिनियम के तहत जिस व्यापारी का कोई निश्चित व्यापार स्थल नहीं होता, तथा वह विशेष समय में कुछ दिनो के लिए जैसे मेले, प्रदर्शनी त्योहार आदि के समय व्यापार करता है उसे जीएसटी के तहत कैजुअल डीलर के रूप में पंजीयन लेना अनिवार्य होता है। इस व्यवस्था के अन्तर्गत आतिशबाजी विक्रेताओं को कैजुअल डीलर के रूप में पंजीकृत होकर व्यवसाय करना होगा। पंजीयन लेने पर उन्हें पंजीयन से सम्बन्धित समस्त लाभ स्वत: प्राप्त हो जाते हैं।

### सड़क हादसे में पिता की मौत,बेटी घायल, भर्ती

**श्रावस्ती।** बाइक से जा रहे पिता पुत्री सड़क हादसे का शिकार हो गए। हादसे में पिता की घटनास्थल पर मौत हो गई जबकि बेटी गंभीररूप से घायल हो गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल भिनगा भिजवाया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सिरसिया थाना क्षेत्र के ग्राम मोतीपुर बड़रहवा निवासी मेवालाल मिश्र (50) पुत्र राम नरेश ने एक साल पहले अपनी पुत्री शिवानी मिश्रा की शादी इसी थाना क्षेत्र के सोनबरसा निवासी राकेश कुमार के साथ ही थी।

# पदोन्नति पाए इंसपेक्टरों को पीपिंग सेरेमनी मे स्टार लगाकर किया गया सम्मानित



शकुन टाइम्स संवाददाता

- सम्मानित होने वाले मे इंसपेक्टर रणधीर मिश्रा, मधुप नाथ मिश्रा, मनोज पाण्डेय
- बरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व पुलिस अधीक्षको ने स्टार लगाकर किया सम्मानित

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय से पुलिस उपाध्यक्ष के पद पर जनपद गोरखपुर मे कार्यरत तेज तर्रार, मृदुभाषी इंसपेक्टर रणधीर मिश्रा, मधुप नाथ मिश्रा व मनोज पाण्डेय को किया था पदोन्नति। जिसके पीपींग सेरेमनी मे स्टार लगाकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. गौरव ग्रोवर, पुलिस अधीक्षक नगर अभिनव त्यागी, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक दक्षिणी व पुलिस अधीक्षक अपराध द्वारा सम्मानित किया गया एवं इनके उज्वल भविष्य की कामना की गयी।

# हर वस्तुएं पुरानी पड़ जाती जबकि साहित्य कभी पुराना नहीं होता: डॉ चितरंजन मिश्र

## पुस्तक लोकार्पण व सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

शकुन टाइम्स संवाददाता




**कुशीनगर।** उदित नारायण इण्टर कालेज पडरौना के हाल में सार्जेंट अभिमन्यु पाण्डेय मन्नू की तीन काव्य पुस्तकें दुनिया रंगमंच, दो पग, यही समय है, ओमप्रकाश द्विवेदी ओ की काव्य पुस्तक जीवन काव्य पथ, सत्य प्रकाश शुक्ल बाबा का कहानी संग्रह प्रतिशोध तथा डॉ संजय मिश्र की पुस्तक जनविश्वास के नायक का लोकार्पण विश्वविद्यालय गोरखपुर के पूर्व हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ रामदेव शुक्ल व डॉ चितरंजन मिश्र के कर कमलों से सम्पन्न हुआ। गोरखपुर मण्डल के मूर्धन्य दिवंगत कवियों साहित्यकारों के नाम पर साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे इक्कीस कलमकारों तथा प्रतियोगितात्मक कवितालेखन में विजयी नौ स्थानीय कवियों को निराला संवाद मंच के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा हरेंद्र पाण्डेय आदर्श द्वारा प्रस्तुत वाणी वंदना से हुआ। संस्था अध्यक्ष ओम प्रकाश ओम् के स्वागत भाषण व संस्था पदाधिकारियों द्वारा अतिथियों के स्वागतोपरान्त पुस्तकों के लोकार्पण व साहित्यकारों के सम्मान का कार्यक्रम रहा। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ चितरंजन मिश्र ने अपने सम्बोधन में कहा कि दुनियाभर की हर वस्तुएं पुरानी पड़ जाती हैं जबकि साहित्य कभी पुराना नहीं होता। समारोह के अध्यक्ष डॉ रामदेव शुक्ल ने निराला, मैथिलीशरण गुप्त, महादेवी आदि का जिक्र करते हुए महाकाव्य साकेत का नाम साकेत क्यों पड़ा का कारण महादेवी जी का सुझाव बताया। सभा को डॉ उमाकांत राय, डॉ रामनरेश दुबे, डॉ प्रेमचंद सिंह, इन्द्रजीत तिवारी निर्भीक, डॉ सुधाकर तिवारी, डॉ ममता मणि ने सम्बोधित किया। अन्त में संस्था के महासचिव डॉ संजय मिश्र ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। सभा के संचालन का दायित्व उदित नारायण इण्टर कालेज के प्रवक्ता अनुज कुमार का रहा। कार्यक्रम में डॉ कालिंदी त्रिपाठी, आरडीएन श्रीवास्तव, जगदीश खेतान अग्रहार के महासचिव जितेन्द्र पाण्डेय जौहर, श्रीमती लीला पाण्डेय, अग्रहार के संयोजक आकाश महापुरी, संगठन सचिव भूपेंद्र राय गंवार, उप सचिव अवध किशोर अवधू, प्रखर साहित्य के अध्यक्ष श्याम नारायण गुप्त, विमर्श के अध्यक्ष राज कुमार भट्ट बावरा, उपस्थित रहे।

# सफेद कोट समारोह का डीएम ने किया शुभारम्भ

शकुन टाइम्स संवाददाता




**कुशीनगर।** डीएम विशाल भारद्वाज द्वारा राजकीय मेडिकल कॉलेज/स्वाशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के एकेडमिक ब्लॉक में आयोजित सफेद कोट समारोह का दीप प्रज्जवलन कर शुभारम्भ किया गया। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एमबीबीएस की डिग्री हासिल करने हेतु एडमिशन लिए नव प्रवेशित 100 छात्र-छात्राओं को उनके उज्वल भविष्य की कामना की तथा शुभकामनाएं दी। उन्होंने अग्रिम शिक्षा पूरी तत्परता एवं मनोयोग से हासिल करने हेतु प्रोत्साहित किया।

उन्होंने कहा कि यह बहुत ही ऐतिहासिक क्षण है आप सबों के लिए। आप सभी लोग अथक परिश्रम करने के उपरान्त यहाँ अग्रेत्तर शिक्षा हासिल करने के लिए आए है। आपका आने वाला भविष्य उज्जवल हों। इस महाविद्यालय में चिकित्सीय शिक्षा हासिल करने के उपरान्त आप जहाँ भी रहेगें वहाँ उस क्षेत्र की जनता से सम्मानपूर्वक व्यवहार करें, उन्हे समान रूप से चिकित्सीय सुविधाएं प्रदान करे।

उनकी बातों को सहजता से सुनें। शासन युवाओं को रोजगार, शिक्षा के अनेक अवसर प्रदान करने के लिए अनवरत प्रयासरत है।बीते कुछ सालों में अनेको जिलों में राजकीय मेडिकल कॉलेज खोले गए है, जहाँ चिकित्सा के क्षेत्र की शिक्षाए/कोर्सेस की व्यवस्था की गई है, ताकि जनता को, छात्र छात्राओं को पढ़ने हेतु बाहर न जाना पड़े, तथा जनता को चिकित्सीय सुविधाएं मिल सके। आगे आने वाला समय आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस/टेक्नोलॉजी का है। चिकित्सा के क्षेत्र में नवीन तकनीक का प्रयोग कर सर्जरी और अन्य चिकित्सीय व्यवस्था सहज और अत्याधुनिक हो गई है। वर्तमान समय ने ए0आई0 का अहम रोल है।

आप सभी लोग मेडिकल फील्ड में मेडिकल की पढ़ाई के साथ- साथ टेक्नोलॉजी का भी अध्ययन कर अपडेट रहे। प्राचार्य मेडिकल कॉलेज आरके शाही ने कहा कि व्हाइट कोट सेरेमनी के उपरान्त आपकी नई यात्रा शुरू हो गई है। इस प्रथा का शुभारम्भ सर्वप्रथम 1993 से कोलंबिया यूनिर्वसीटी से हुआ था। आज इस सामारोह के माध्यम से आप सभी नव प्रवेशित विधार्थीगण यह शपथ लेते है कि आप चिकित्सक की डीग्नीटी को हमेशा मेटेंन रखेगे। जो भी रोगी/जनता आपसे मिलने आए, आप सबके साथ बिना धर्म, जाति, वर्ग समुदाय के भेदभाव के बिना उनसे समान व्यवहार करेगें। किसी भी छात्र-छात्रा को कोई परेशान आती है तो वह अपने प्रोफेसर एवे वार्डन से अवश्य बताए। आपका छोटा सा प्रयास किसी भी व्यक्ति की जान बचा सकता है। इसलिए सदैव पढ़ाई के साथ साथ चिकित्सा के क्षेत्र में कठिन परिश्रम करे एवं अपने कार्यों व दायित्वों के प्रति सदैव ईमानदार रहे एव कर्तव्यनिष्ठ होकर हमेशा काम करे। मैं यह उम्मीद करता हूँ कि प्रथम प्रयास से ही आप सभी यहां से पास हो जाएगे। इस दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रेम कुमार राय, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज आरके शाही, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एचएस राय भी उपस्थित रहे।

**राजकीय मेडिकल कॉलेज/स्वाशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में आयोजित हुआ कार्यक्रम।**

**प्रथा का शुभारम्भ सर्वप्रथम 1993 से कोलंबिया यूनिर्वसीटी से हुआ था: डॉ.शाही**

# तनावमुक्त जीवन है मधुमेह नियंत्रण का मूल मंत्र है- प्रो. जीएस तोमर

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में विश्व आयुर्वेद मिशन के अध्यक्ष ने दिया मरीजों को परामर्श


शकुन टाइम्स संवाददाता



**गोरखपुर।** विश्व आयुर्वेद मिशन के अध्यक्ष प्रो. जीएस तोमर ने कहा कि वैश्विक परिदृश्य में मधुमेह रोगियों की निरन्तर बढ़ती हुई संख्या गम्भीर चिन्ता का विषय है। भारत में भी इन रोगियों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि देखने को मिल रही है। इसका मूल कारण हमारी जीवनशैली में हो रहा बदलाव और तनाव है। ऐसे में मधुमेह से बचने का मूलमंत्र है कि हम तनावमुक्त जीवनशैली अपनाएं। प्रो. तोमर गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कॉलेज) से संबद्ध अस्पताल में आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की जांच के बाद उन्हें परामर्श दे रहे थे। शिविर में उन्होंने 165 मरीजों की जांच की। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि आज स्थिति इतनी भयावह है कि हर घर में कोई न कोई मधुमेह रोग से पीड़ित है। मधुमेह से पीड़ित व्यक्ति ही नहीं, प्राय: चिकित्सकों का ध्यान भी रक्त शर्करा के नियंत्रण पर ही केन्द्रित रहता है। जबकि आवश्यकता इस बात की है कि उसकी आँख, हृदय, किडनी तथा नाड़ियों जैसे महत्वपूर्ण अंगों को मधुमेह के घातक उपद्रवों से बचाया जा सके। प्रो. तोमर ने कहा कि मधुमेह की चिकित्सा में आयुर्वेदीय औषधियाँ एक तरफ़ जहाँ इंसुलिन के स्राव को बढ़ाती हैं, वहीं दूसरी ओर ये इंसुलिन के विरुद्ध बन रहीं एण्टीबॉडीज को रोक कर इंसुलिन की सक्रियता को बढ़ाकर इसे प्रभावी भी बनाती हैं। उन्होंने बताया कि प्रात: काल ब्रह्म मुहूर्त में उठना, कम से कम 45 मिनट नियमित टहलना और योगासन डायबिटीज़ रोगियों के लिए अमृततुल्य फलदायी है।

# पुलिस अधीक्षक ने नवनिर्मित आरक्षी बैरक का किया उद्घाटन

शकुन टाइम्स संवाददाता



**श्रावस्ती।** सोमवार को पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने थाना हरदत्त नगर गिरंट में नवनिर्मित आरक्षी बैरक का फीता काटकर उद्घाटन किया।इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस नए भवन की स्थापना से हमारे पुलिस बल के सदस्यों को रहने की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी, ।आरक्षी बैरक का निर्माण, निर्माण अवधि में किया गया है। यह बैरक आधुनिक सुविधाओं से लैस है, जिसमें पंखे, बिजली, स्वच्छ पानी, और अन्य आवश्यक सुविधाएं शामिल हैं। आरक्षी भोजनालय की व्यवस्था जहां कर्मी सामूहिक रूप से भोजन कर सकें। इस बैरक की लम्बाई 60 फिट व चौड़ाई 17 फिट जिसमें लगभग 30 पुलिस कर्मियों के रहने का प्रबंध किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने इस दौरान कहा, हमारा पुलिस बल कठिन परिश्रम और समर्पण के साथ कार्य करता है। नवनिर्मित आरक्षी बैरक का उद्देश्य पुलिस बल की कार्यकुशलता और सुविधाओं को बढ़ाना होता है। ये बैरक आमतौर पर पुलिस कर्मियों के रहने, प्रशिक्षण और प्रशासनिक कार्यों के लिए बनाए जाते हैं।

बैरक में पंखे, लाइट, स्वच्छ पीने के पानी, और अन्य दैनिक आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं। इस तरह के निर्माण से पुलिस बल को बेहतर सुरक्षा, प्रशिक्षण और आपातकालीन स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया देने में मदद मिलती है। इसके अलावा, यह स्थानीय समुदाय में पुलिस की उपस्थिति को भी सशक्त बनाता है।

उद्घाटन समारोह में अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव, क्षेत्राधिकारी भिनगा संतोष कुमार, क्षेत्राधिकारी यातायात आलोक कुमार सिंह, थानाध्यक्ष हरदत्त नगर गिरंट सहित अन्य पुलिस कर्मी भी मौजूद रहे।

# प्रदेश सरकार की एण्टी भू-माफिया नीति से लाखों वास्तविक भू-मालिकों को मिला हक

शकुन टाइम्स संवाददाता

**बहराइच।** भूमि प्रकृति की नि:शुल्क देन है, यह सभी प्राणियों के लिए स्थान/आवास प्रदान करती है। भूमि से सभी जीवों को भोजन मिलता है। यह लगातार पोषक तत्वों का चक्रण करती है। भूमि का उपयोग कृषि, वानिकी, खनन, यातायात के साधनों सड़कों, उद्योगों की स्थापना, सुरक्षा आदि के लिए किया जाता है। जैवविविधता, जलवायु परिवर्तन, विभिन्न गैसों का उत्पादन उपभोग, जल संचयन आदि क्रियाएं भूमि पर ही होती है। इसी लिए भूमि की महत्ता सदियों से रही है। जमीन का विवाद सदियों से रहा है। एक देश दूसरे देश को जीतता था तो उस देश की पूरी भूमि का हक विजेता देश की हो जाती थी। जमीन ऐसी सम्पदा रही जो व्यक्तियों के खाने के लिए विभिन्न प्रकार के अन्न, पशुओं को चारा उत्पादन करती रही। सदियों से जमीन के मालिकाना हक से व्यक्ति की आर्थिक स्थिति और सामाजिक सम्पन्नता आँकी जाती थी। भूमि की महत्ता हर काल मे रही है। आज भी भूमि की बड़ी महत्ता है। भूमि चाहे खेती की हो, बागवानी की हो या आवासी भूमि हो, आज भी सभी जमीन की आर्थिक महत्ता है। समाज मे हर तरह के लोग रहते है। गरीब मध्यवर्ग, अमीर वर्ग और अच्छे-बुरे लोग भी होते है। प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की सरकार बनने पर कई दबंगों, गुण्डों, माफियाओं द्वारा गरीबों, वैधानिक भूमालिकों की जमीनों पर अवैध कब्जों की शिकायत आने लगी। गुण्डें भू-माफियाओं द्वारा गरीबों, कमजोर वर्गो, ग्राम समाज व सरकारी, शहरी जमीनों पर अवैध कब्जा कर अपना हक बना लिया था। हजारों एकड़ भूमि पर अवैध कब्जा कर लोग मालामाल हो रहे थे। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने गरीबों कमजोरों और ग्रामपंचायतों, शहरी जमीनों सामाजिक सम्पतियों आदि पर अवैध कब्जा करने वालों के विरूद्ध पूरे प्रदेश में तहसील, जिलें, मण्डल एवं राज्य स्तर के चार स्तरीय एण्टी. भू-माफिया टास्क फोर्स का गठन करते हुए एण्टी-भू-माफिया अभियान चलाया। प्रदेश में अवैध कब्जे से संबंधित शिकायतों को आनलाइन दर्ज किये जाने एवं कृत कार्यवाही का प्रभावी अनुश्रवण किये जाने हेतु एण्टी भू-माफिया पोर्टल का विकास किया गया है, जिसमें दर्ज शिकायतों पर सम्यक कार्यवाही करते हुए वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। प्रदेश में जुलाई, 2024 तक एण्टी भू-माफिया पोर्टल पर अवैध कब्जे से संबंधित कुल 3,87,195 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिसमे से 3,85,740 शिकायतें निस्तारित करते हुए वैधानिक भू-मालिकों को उनकी भूमि पर कब्जा दिलाया गया ग्रामपंचायतों, शहरी जमीनों सामाजिक सम्पतियों आदि पर अवैध कब्जा करने वालों के विरूद्ध पूरे प्रदेश में तहसील, जिलें, मण्डल एवं राज्य स्तर के चार स्तरीय एण्टी. भू-माफिया टास्क फोर्स का गठन करते हुए एण्टी-भू-माफिया अभियान चलाया। प्रदेश में अवैध कब्जे से संबंधित शिकायतों को आनलाइन दर्ज किये जाने एवं कृत कार्यवाही का प्रभावी अनुश्रवण किये जाने हेतु एण्टी भू-माफिया पोर्टल का विकास किया गया है, जिसमें दर्ज शिकायतों पर सम्यक कार्यवाही करते हुए वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। प्रदेश में जुलाई, 2024 तक एण्टी भू-माफिया पोर्टल पर अवैध कब्जे से संबंधित कुल 3,87,195 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिसमे से 3,85,740 शिकायतें निस्तारित करते हुए वैधानिक भू-मालिकों को उनकी भूमि पर कब्जा दिलाया गया।प्रदेश में चलाए गए इस अभियान के अन्तर्गत कुल 66,040.91 हेक्टेयर क्षेत्रफल की भूमि को अवैध अतिक्रमण से अवमुक्त कराया गया है। इस अभियान के अन्तर्गत अतिक्रमणकर्ताओं के विरूद्ध 24,527 राजस्व वाद, 1,114 सिविल वाद व 4,727 एफ0आई0आर0 दर्ज करायी गयी हैं। प्रदेश मे 1,555 अतिक्रमणकर्ताओं को भू-माफिया के रूप में चिन्हित किया गया है, जिसमे वर्तमान में 212 भू-माफिया जेल में निरूद्ध हैं।इसके अतिरिक्त प्रदेश में 1110 अतिक्रमणकर्ताओं के विरूद्ध भारतीय दण्ड संहिता के अन्तर्गत कार्रवाई की गई है। जिसमें 260 के विरूद्ध दण्ड प्रक्रिया संहिता के अन्तर्गत, 06 के विरूद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत, 85 के विरूद्ध गैंगेस्टर एक्ट के अन्तर्गत, 323 के विरूद्ध गुण्डा एक्ट के अन्तर्गत तथा 3,140 के विरूद्ध अन्य धाराओं के अन्तर्गत कार्यवाही की गई है। प्रदेश सरकार के एण्टी भू-माफिया टास्क फोर्स के गठन से लाखों वैधानिक भू-मालिकों को उनकी भूमि पर कब्ज़ा मिला और लोग सरकार की इस नीति से काफी खुश हैं।

# सोलहवीं एसएसकेएफआई राज्यस्तरीय कराटे प्रतियोगिता का आज समापन हुआ

शकुन टाइम्स संवाददाता





**वाराणसी।** द शोतोकान स्पोर्ट्स कराते डो फेडरेशन उत्तर प्रदेश के द्वारा दो दिवसीय 16वां स्स्यस्न्नङ्ख राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता दिनांक 26 से 27 अक्टूबर 2024 को स्थान आस्था गार्डन मैरिज हॉल सारनाथ वाराणसी में आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में पुरस्कार वितरण समारोह के बतौर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ0 आर एस पटेल जी राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार सेना के मुख्य अतिथि ने सभी को समोबोधित करते हुआ कहा की खेल में हार जीत होता हैं इससे हमें निराश नहीं होना हैं बल्कि हमें और मेहनत करना हैं।

और यह सोचना हैं की हमसे कहा चूक हुई इसको सुधार कर आगे की तरफ बढ़ना हैं अंत में सभी अभिभावकों से मैं कहना चाहता हूँ की अपनी बेटियों को कराटे मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग जरूर दिलवाये ताकि बेटियां जहाँ जाए अपने आपको शशक्त और मजबूत महसूस करें और स्वयं अपनी आत्मसुरक्षा कर सके। इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप मे आनंद प्रसाद शर्मा जी राष्ट्रीय अध्यक्ष नाई महासभा, घनश्याम पटेल पूर्व प्रधान हिरमानपुर, रविशंकर पटेल वर्तमान पार्षद रामदत पुर वार्ड, चंद्र गुप्त मौर्या, कंचन गुप्ता आयोजन अध्यक्ष वाराणसी शोतोकान कराटे,जय प्रकाश पटेल, बाल किशुन पटेल जिला उपाध्यक्ष सपा, रमेश राजभर, सिकंदर विलियम महासचिव टेन्नी क्वाईट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश आदि रहे। इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश से बलिया, बनारस, गाजीपुर,मऊ, गोरखपुर, जौनपुर, भदोही, सोनभद्र,प्रतापगढ़, प्रयागराज, कानपुर, कौसाम्बी आदि 15 जिलों से तथा 35 कराते एकेडमी, क्लब के बालक बालिकाओं ने 450 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किये थे। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान...... द्वितीय स्थान.... तृतीय स्थान आने वाले जिले को ट्रॉफी व नगद राशि 21000 हजार एसोसिएशन के तरफ से प्रदान किया गया। तथा इस प्रतियोगिता में आकर्षित करने वाला टूर्नामेंट बालक बालिकाओं में बेस्ट फाइटर रहा इस साल का बेस्ट फाइटर बने हैं यह प्रतियोगिता एशियन रेफरी सिहान अमित उपाध्याय जी एवं सिहान आशीष भारद्वाज के देखरेख में किया जा रहा हैं निर्णायक के रूप में सिहान शशिशेखर शर्मा, शोभनाथ पटेल, विक्रम गुप्ता, मंजय गुप्ता, सालाउद्दीन अंसारी, विवेक, अनिल मौर्य,पियूष शाहू, महताब आलम, आफताब आलम, सौरभ यादव, विकाश मौर्य, धनंजय पाठक,आदि रहे। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गाजीपुर द्वितीय गोरखपुर एवं तृतीय जौनपुर ने प्राप्त किया। इसी क्रम में बेस्ट फाइटर भी कराया गया बालिका वर्ग में शशिकला मौर्या ने बेस्ट फाइट में 7 अंक बनाकर बेस्ट फाइटर का ख़िताब अपने नाम किया 11 हजार का नगद पुरस्कार से नवाज़ा गया बालक वर्ग में सौरभ यादव ने यह ख़िताब जीता दोनों खिलाड़ियों को 21 हजार की राशि सरदार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर एस पटेल ने वितरण किया। इस मौके पर आशीष सिंह, जे. पी मौर्या,सुमित पाठक, उपस्थिति रहे।

द शोतोकान स्पोर्ट्स कराटे फेडरेशन उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष दिनेश भारद्वाज सचिव एल बी रावत ने सभी अतिथियों एवं प्रशिक्षकव खिलाड़ियों का स्वागत अभिनंदन किया इसका संचालन संस्था के सीनियर खिलाडी पियूष साहू ने किया।

## आगामी त्योहारों के दृष्टिगत व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, बैंकों व संदिग्ध व्यक्ति/वस्तु/वाहनों की सघन चेकिंग हेतु चलाया गया विशेष अभियान



शकुन टाइम्स संवाददाता

**भदोही।** आगामी त्योहारों धनतेरस,दीपावली, छठ पूजा इत्यादि के दृष्टिगत जनपद में स्थित बैंकों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों बाजारों व भीड़भाड़ वाले स्थानों की चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था हेतु डॉ0 मीनाक्षी कात्यायन, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन व डा0 तेजवीर सिंह , अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के पर्यवेक्षण में समस्त क्षेत्राधिकारीगण व थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा बैंकों व उसके आसपास सघन चेकिंग हेतु विशेष अभियान चलाया गया।

अभियान के क्रम में समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने सर्किल के थाना क्षेत्र व थाना व चौकी प्रभारियों सहित चेकिंग हेतु गठित पुलिस टीमों द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत सभी बैंक/पोस्ट ऑफिस/ग्राहक सेवा केंद्र व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों/ सर्राफा बाजार व उसके आसपास संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की सघन चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान बैंकों में लगे अलार्म एवं सीसीटीवी कैमरों को चेक किया गया कि सुचारु रूप से कार्य कर रहे हैं या नही। शाखा प्रबंधक से इस सम्बन्ध में वार्ता की गयी। थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रमुख प्वाइंटों पर संदिग्धों को चिन्हित करते हुए बैरियर लगाकर संदिग्ध बाइक सवारों व वाहनों को चेकिंग किया जा रहा है। दौरान चेकिंग वैध कागजात प्रस्तुत न करने पर सम्बन्धित के विरुद्ध चालान की कार्यवाही की गई। बिना नंबर और गलत नंबर प्लेट वाले वाहनों पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। बैंक डयूटी में लगे पुलिसकर्मियों को चेक कर सतर्कतापूर्वक डयूटी करने हेतु निर्देश दिये गये। बैंक परिसर में संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गयी एवं अनावश्यक रूप से बैठे व्यक्तियों को बैंक परिसर से बाहर किया गया।

# आगामी 25 नवंबर को आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम हेतु इच्छुक कराए रजिस्ट्रेशन

**भदोही।** जिला समाज कल्याण अधिकारी मीना श्रीवास्तव ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत सामूहिक विवाह का कार्यक्रम जिलाधिकारी विशाल सिंह के निर्देशानुसार मेगा-इवेन्ट के रूप में 25 नवंबर 2024 को वैवाहिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। चल वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु जनपद का लक्ष्य 831 निर्धारित किया गया है, जिसका लक्ष्य विकासखण्डवार / नगर पंचायत/नगर पालिका परिषदवार समस्त खण्ड विकास अधिकारी / अधिशासी अधिकारी को आवंटित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत आर्थिक रूप से गरीब अभिभावक जो अपनी पुत्री की शादी उक्त सामूहिक शादी कार्यक्रम में सम्पन्न कराना चाहते है।

वे मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत आनलाइन वेबसाईट पर भरते हुये आवेदन पत्र का प्रिन्टआउट आवश्यक संलग्नको (यथा कन्या के आयु सम्बन्धी प्रमाण-पत्र, गरीबी रेखा / निराश्रित / बी0पी0एल0 कार्ड अथवा रू0 2.00 लाख वार्षिक आय सीमा तक का आय प्रमाण-पत्र, कन्या एवं वर की पासपोर्ट साईज फोटो, विधवा होने की स्थिति में पूर्व पति के मृत्यु प्रमाण-पत्र की प्रति, परित्यक्ता होने की स्थिति में न्यायालय आदेश की प्रति एवं कन्या के बैंक खाता की प्रति) सहित विकासखण्ड मुख्यालय (ग्रामीण क्षेत्र) अधिशासी अधिकारी नगर निकाय (शहरी क्षेत्र) में जमा करना सुनिश्चित करें, पात्र आवेदको द्वारा ही वैवाहिक कार्यक्रम हेतु आवेदन किया जाय। सत्यापन के दौरान यदि कोई भी आवेदक अपात्र पाया जाता है तो उसके विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही किया जायेगा। ताकि पात्र व्यक्तियों की कन्याओं की शादी सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सम्पन्न करायी जा सके। योजनान्तर्गत कुल अनुमन्य धनराशि रू0 51000/- के सापेक्ष शादी हेतु रू0 35000/- की धनराशि वधू के बैंक खातें अन्तरित करायी जायेगी, साथ ही रू0 10000/- तक के उपहार सामग्री का वितरण किया जायेगा एवं रू0 6000/- की धनराशि से उक्त सामूहिक समारोह को सम्पन्न कराये जाने हेतु कार्यक्रम आयोजक को उपलब्ध करायी जानी है।

# कृपाशंकर सिंह की फार्च्यूनर गाड़ी का हुआ एक्सीडेंट, बाल-बाल बचे

## गाय बचाने के चक्कर में हुआ हादसा

शकुन टाइम्स संवाददाता

**जौनपुर।** 73 लोकसभा जौनपुर के पूर्व भाजपा प्रत्याशी व पूर्व गृह राज्य मंत्री कृपाशंकर सिंह की गाड़ी का सोमवार की सुबह जौनपुर वाराणसी मार्ग पर एक्सीडेंट हो गया। जानकारी के अनुसार पूर्व गृह राज्य मंत्री कृपा शंकर सिंह रविवार को मुंबई से जौनपुर के सिद्धार्थ उपवन लान में आयोजित पूर्वांचल युवा महोत्सव में भाग लेने आए थे। सोमवार की सुबह श्री सिंह अपनी फार्च्यूनर गाड़ी संख्या ह्ळश्व 62 ष्टङ्ख 0018 से आवास से दिल्ली जाने के लिए बाबतपुर एयरपोर्ट जा रहे थे कि जैसे ही वो जौनपुर बाबतपुर के मध्य अमूल डेयरी के पास एक गाय अचानक उनकी गाड़ी के सामने आ गई। गाय को बचाने के लिए ड्राइवर ने ब्रेक लगाकर गाड़ी को नियंत्रित करना चाहा परंतु तब तक उनकी गाड़ी आगे जा रही पुलिस की गाड़ी से जोर से टकरा गई। जिससे वो बाल बाल बच गए लेकिन फार्च्यूनर के परखच्चे उड़ गए। उसके बाद वो पुलिस की गाड़ी में बैठकर बाबतपुर पहुच दिल्ली के लिए रवाना हुए। कृपाशंकर सिंह ने बताया कि ईश्वर की कृपा और लोगों के आशीर्वाद से वे पूरी तरह से सुरक्षित और स्वस्थ है। जोर से झटका के चलते उनकी कमर में थोड़ा दर्द जरूर है, परंतु घबराने की कोई बात नहीं है।

## वाराणसी बालिका हैंडबॉल में बना प्रदेश चैंपियन

**वाराणसी।** प्रदेशीय सब जूनियर बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में सोमवार को वाराणसी मंडल ने अयोध्या मंडल को 20-10 के भारी अंतर से पराजित कर खिताब जीत लिया। खेल निदेशालय और उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ के समन्वय से अयोध्या के डॉ भीमराव आंबेडकर स्टेडियम में आयोजित इस प्रतियोगिता के खिताबी मुकाबले में वाराणसी की टीम ने हर क्षेत्र में अयोध्या को पछाड़ा। काजल पटेल और अंतिमा मौर्या ने वाराणसी की तरफ से तेज आक्रमण की शुरुआत की।

## संक्षिप्त सामाचार

### राजभवन से अनुमति, नैक मूल्यांकन पर होगी अपील

**वाराणसी।** राजभवन से काशी विद्यापीठ प्रशासन को नैक मूल्यांकन के खिलाफ अपील करने की अनुमति मिल गई है। इसके लिए विद्यापीठ के कुलपति प्रो. एके त्यागी के नेतृत्व में पांच सदस्यीय टीम ने शनिवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मुलाकात की थी। टीम ने कुलाधिपति को अपनी तैयारियों से अवगत कराया और ए ग्रेड की मांग की। इस पर कुलाधिपति ने विश्वविद्यालय प्रशासन को 45 दिन के भीतर अपील करने की अनुमति दी है। कुलपति प्रो. एके त्यागी ने बताया कि नैक ग्रेडिंग प्रक्रिया में सात चरण होते हैं। इस बार विश्वविद्यालय को जिन विषयों में अधिक अंक मिलने चाहिए थे, वहां कम अंक दिए गए हैं। टीम अब मुख्य चार बिंदुओं पर विचार-विमर्श कर रिपोर्ट तैयार करेगी, ताकि अपील मजबूती से हो सके।

दीवाली के अवकाश के बाद इसके लिए बैठक की जाएगी। रैंकिंग एवं एक्रिडिटेशन सेल के निदेशक प्रो. मो. आरिफ ने बताया कि 2019 में विश्वविद्यालयों को 1.51 सीजीपीए मिला था। जबकि वर्ष 2024 में बढ़कर 2.91 सीजीपीए हो गया है। इस बार 1.40 प्वाइंट की बढ़त से विद्यापीठ बी प्लस-प्लस ग्रेड पर पहुंच गया है। हालांकि उन्होंने कहा कि नैक टीम से तैयारी के हिसाब से ग्रेड नहीं मिलने का मुद्दा राज्यपाल के समक्ष उठाया गया था।

### इंजन चलाकर नई पटरी का ट्रायल

**वाराणसी।** कैंट स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 5 पर बिछी नई पटरी पर लाइट इंजन चलाकर ट्रायल पूरा हो गया है। इसपर फिलहाल डीजलचालित मालगाड़ियां चलेंगी। ओएचई (ओवर हेड इक्विपमेंट) फिटनेस भी एक-दो दिन में मिल जाएगी। फिर इलेक्ट्रिकचालित मालगाड़ियां भी चलेंगी। स्टेशन डायरेक्टर अर्पित गुप्ता ने बताया कि प्लेटफार्म संख्या 5 पर नई लाइन बिछाने के लिए वहां से शेड, वाटर बूथ, बेंच-कुर्सियां, पंखे, ट्रेन इन्फॉर्मेशन डिस्प्ले आदि हटा दिए गए थे, जो अभी मेंटेन नहीं हो सके हैं। इससे इस प्लेटफार्म पर सवारी गाड़ियों का ठहराव अभी नहीं किया जा सकता है।

RNI : UPHIN/2012/45286
शकुन टाइम्स
निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज
info.shakuntimes@gmail.com www.shakuntimes.com shakuntimes
देश के प्रतिष्ठित समाचार पत्र में पत्रकार बनकर मान सम्मान और प्रतिष्ठा प्राप्त करने का सुनहरा अवसर
देश एवं प्रदेश के सभी जिलों में अनुभवी व गैर अनुभवी राज्य प्रभारी, जिला प्रभारी, तहसील प्रभारी एवं ब्लॉक स्तर पर संवाददाता एवं प्रसार प्रतिनिधियों की आवश्यकता है।
हमशे जुड़ने के लिए सम्पर्क करें
शीघ्र सम्पर्क करें : 9935781155, 9506320127

# कस्तूरबा विद्यालय की छात्रा ने दीपोत्सव पर आयोजित किया कई कार्यक्रम

शकुन टाइम्स संवाददाता



**शाहगंज /जौनपुर।** नगर के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय शाहगंज में दीपोत्सव बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया बनाया गया आप को बता दे कि अंतरराष्ट्रीय सामाजिक संस्था लायंस क्लब शाहगंज स्टार के अध्यक्ष मनीष अग्रहरि एवम् कार्यक्रम संयोजक डॉ.आर के कस्तूरबा में दीपोत्सव पर्व कस्तूरबा की छात्रा के बीच उनका उत्साह वर्धन करते हुए मनाया।

साथ विद्यालय की छात्राओं ने इस दीपोत्सव पर्व में दीप बनाओ प्रतियोगिता , नृत्य प्रतियोगिता ,रंगोली प्रतियोगिता , वेशभूषा प्रतियोगिता आदि में प्रतिभाग कर पुरस्कार जीता। पर्व का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत में छात्राओं के स्वागत गीत से हुआ। और उसके कार्य के बारे विस्तार से जानकारी दी। विद्यालय की वार्डन एकता नीलम कस्तूरबा विद्यालय के बारे में जानकारी दी। इस के बाद विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमे दीप सजाओ में प्रतियोगिता में मानवी,रंगोली प्रतियोगिता में, रानी ,मानवी नृत्य प्रतियोगिता में रानी सज सज्जा में चंदा,प्राची, सृष्टि ,श्रेया गणेश पूर्ति निर्माण में मोनी,भेष भूषा मानसी छात्राएं विनर रही। साथ ही आकांक्षा ,साक्षी ,काजल,दिव्यांशी आदि ने महत्वपूर्ण सहयोग किया ।सभी विनर छात्राओं को अध्यक्ष मनीष अग्रहरि कार्यक्रम संयोजक डॉक्टर आरके वर्मा ने सभी पदाधिकारी के साथ मिलकर पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया। इस के पश्चात लायंस क्लब शाहगंज स्टार अध्यक्ष मनीष अग्रहरि ने अपने जन्म दिन पर छात्राओं के साथ की काटा और फैशन फर्स्ट के सौजन्य उपहार स्वरूप में सभी लगभग 95 छात्राओं को अंग वस्त्र दिया। दीपोत्सव पर्व का भव्य समापन जमकर आशीर्वाद जी के साथ को आतिशबाजी देख बच्चों के चेहरे खुशी से खेलते हैं इसके पश्चात सभी पदाधिकारी ने छात्राओं के साथ भोजन किया और दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम का समापन किया। इस कार्यक्रम का संचलन मनोज जायसवाल, और आभार प्रदर्शन सह कार्यक्रम संयोजक दीपक सिंह पत्रकार ने व्यक्त किया। इस दीपोत्सव को सफल बनाने में पूर्व अध्यक्ष एम जे एफ ला.मनोज जायसवाल,मनोज पांडेय सचिव, लायन सतीश गुप्ता,,लायन डॉक्टर रफीक फारुकी, ,डॉ.लायन राहुल वर्मा ,लायन रविकांत जायसवाल,लायन मनीष श्रीवास्तव, लायन अंकित गुप्ता (रोमिल) लायन डॉ हरिओम मोर्य , चंदन त्रिपाठी,डॉ राहुल गुप्ता चंदन अग्रहरि, के साथ विद्यालय परिवार किरण मौर्य, प्रियंका सिंह, अल्पना सिंह, अंकिता शुक्ला, आशीष राय, दशरथ मौर्या, इद्रावती, विद्या, प्रतिभा आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# अनिल गुप्ता भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा के जौनपुर के नए जिलाध्यक्ष

शकुन टाइम्स संवाददाता

**जौनपुर।** भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा उत्तर प्रदेश की प्रांतीय बैठक रविवार को गांधी भवन लखनऊ के सभागार में संस्थापक/ संरक्षक राम नारायण साहू (पूर्व राज्यसभा सांसद) एवं प्रदेश अध्यक्ष राकेश राठौर गुरु नगर विकास राज्य मंत्री, प्रदेश युवा अध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य रमा शंकर साहू एवं प्रांतीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ, जिसमें अनिल गुप्ता को भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा जौनपुर के जिला अध्यक्ष एवं देवेंद्र साहू शेखर (शाहगंज) को जिला महामंत्री पद पर मनोनीत किया गया।

इसके साथ ही संजीव साहू (अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी) युवा प्रकोष्ठ के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष बनाये गए। जौनपुर के उक्त सभी पदाधिकारियों के चयन पर जौनपुर साहू समाज में खुशी की लहर व्याप्त है। तमाम साहू समाज के लोगों ने नव चयनित पदाधिकारी को बधाइयां दी हैं। लखनऊ से नगर वापस आने पर शाहगंज में जिलाध्यक्ष अनिल गुप्ता एवं जिला महामंत्री देवेंद्र साहू शेखर का भव्य स्वागत हुआ। शाहगंज में पूर्व अध्यक्ष पवन गुप्ता, महेंद्र साहू खुटहन, अखिल कुमार गुप्ता, लालचंद, विजय गुप्ता, श्री प्रकाश, संजय विश्वजीत, सत्यम साहू, मनीष गुप्ता, विष्णु गुप्ता, विवेक गुप्ता, वेद प्रकाश जायसवाल, धीरज पाटिल, चंदन गुप्ता, चंचल गुप्ता, चंदन, अनिल गुप्ता, हरिश्चंद्र आदि ने भव्य स्वागत किया। नव चयनित पदाधिकारिओं के जौनपुर आगमन पर साहू कल्याण समिति के पदाधिकारिओं ने भी स्वागत किया। नव चयनित जिला अध्यक्ष अनिल गुप्ता ने कहा कि समाज के शैक्षिक, सामाजिक एवं सर्वांगीण विकास के लिए संस्था कृत संकल्प है और इस दिशा में सार्थक प्रयास करेगी। इस अवसर पर श्री जयप्रकाश गुप्ता, संतोष कुमार गुप्ता कोषाध्यक्ष, अरविंद बैंकर,संतोष साहू बच्चा, शिव शंकर साहू,सभासद प्रतिनिधि यशवंत साहू, राजेश गुप्ता पत्रकार,ओम प्रकाश गुप्ता, ऋषि देव गुप्ता, योगेश साहू व्यापार मंडल, सिद्धार्थ साहू,विकास साहू विक्की, योगेश साहू सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।


## एक जनवरी को व्यस्क होने वाले बनेंगे मतदाता

**वाराणसी।** एक जनवरी 2025 को 18 वर्ष पूर्ण करने वालों के लिए निर्वाचन आयोग ने मंगलवार से विधानसभा मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम शुरू किया। ऐसे युवा 09, 10, 23 और 24 नवम्बर को अपने बूथों पर जाकर मतदाता बनने के लिए फार्म भर सकते हैं। इसके अलावा आयोग की वेबसाइट पर आवेदन किया जा सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी और डीएम एस. राजलिगम ने सोमवार को कलक्ट्रेट सभागार में चुनाव से जुड़े अधिकारियों और राजनैतिक दलों के साथ बैठक की। उन्होंने विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए पार्टी प्रतिनिधियों से नये मतदाताओं को जोड़ने में सहयोग भी मांगा है। डीएम ने बताया कि मंगलवार को मतदाता सूची का प्रकाशन होगा।

# कबीर ने दिया एकता का संदेश- डॉ. सुजीत कुमार

## आज के समय में कबीर विषयक संगोष्ठी का आयोजन

शकुन टाइम्स संवाददाता



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के संकाय भवन के संगोष्ठी भवन में जनसंचार विभाग द्वारा आज के समय में कबीर विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया. संगोष्ठी में बतौर मुख्य वक्ता इलाहाबाद विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के शिक्षक डॉ. सुजीत कुमार सिंह ने आज के परिवेश में कबीर की महत्ता पर विस्तार से अपनी बात रखी. साधो ये मुरदों का गांव,पीर मरे पैगम्बर मरिहैं, मरि हैं जिन्दा जोगी,राजा मरिहैं परजा मरिहै कबीर की साखियों को रागमय प्रस्तुत कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया.मुख्य वक्ता डॉ. सुजीत कुमार सिंह ने कहा कि कबीर दास का सन्देश जीवन में गहरी आध्यात्मिकता को दर्शाता है. उन्होंने धर्म, जाति और समुदाय की सीमाओं से परे एकता का संदेश दिया. उन्होंने यह सिखाया कि सत्य की खोज बाहरी दुनिया में नहीं बल्कि अंदर के मन में करनी चाहिए. कबीर की वाणी आज भी सामाजिक समरसता और मानवता की दिशा में प्रेरणा देती हैं.उन्होंने कहा कि काम, मद, क्रोध से हम भरे पड़े है. आज प्रतिस्पर्धा के दौर में रिश्तों की गर्माहट और सामूहिकता की भावना समाप्त हो रही है. इसलिए आज धन और वैभव होने के बाद भी लोग सुखमय जीवन नहीं जी पा रहे है.जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ. मनोज मिश्र ने कहा कि कबीर ने समाज को जोड़ने और मानवता की राह दिखने में बड़ी भूमिका अदा की. संत कबीर दास जी ने बड़े सहज तरीके से समाज की कुरीतियों पर प्रहार किया जो आज भी प्रासंगिक है. अतिथियों का धन्यवाद् ज्ञापन डॉ. सुनील कुमार एवं संचालन डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर ने किया. इस अवसर पर डॉ. श्याम कन्हैया, डॉ. नितेश जायसवाल, डॉ. चन्दन सिंह, डॉ. शशिकांत, डॉ सुरेन्द्र कुमार यादव, डॉ अवधेश मौर्य समेत विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# भाग-8 सीएम- डीएम की मंशा पर पानी फेर रहे बीईओ

- वाह रे शिक्षा विभाग
- पत्रकारों पर अंकुश लगाना कहीं बीईओ को न पड़ जाए भारी
- परिषदीय स्कूलों में व्याप्त भ्रष्टाचार की जांच से कतरा रहे बीईओ

प्रभात सिंह ( ब्यूरो चीफ )

**चंदौली।** शासन की मंशा है कि परिषदीय शिक्षा व्यवस्था में आमूल चूल बदलाव देखने को मिले। इसके लिए अधिकारी नित नए उपाय तलाश रहे हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रेस की आजादी को लेकर अफसरों को कड़े दिशा निर्देश दिए हैं। वहीं डीएम निखिल टी फुण्डे भी अधिकारियों को निर्देशित कर चुके हैं कि वे पत्रकारों का फोन उठाएं और उन्हें समय से सही सूचनाएं दें। लेकिन यहां तो बीईओ अवधेश नारायण सिंह ने पत्रकारों के विरुद्ध ही मोर्चा खोल दिया है। जब अखबारों में उनके भ्रष्टाचार में संलिप्त रहने और अलग अलग तरह के शिक्षकों से धनउगाही करने का आरोप लगा तो वे आग बबूला हो गए। और पत्रकारों के ही स्कूलों में दाखिल होने पर प्रतिबंध लगाते हुए पत्र जारी कर दिया। धानापुर विकास खंड क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों में हो रहे भ्रष्टाचार की खबर प्रकाशित करने पर धानापुर बीईओ अवधेश वनारायण सिंह ने तुगलकी फरमान जारी कर दिया है।

स्कूलों में शिक्षकों एवं पढ़ाई लिखाई करने वालें बच्चों के अलावा किसी भी व्यक्ति (विशेषकर पत्रकारों) के दाखिल होने से रोकने का निर्देश दिया है। उनके इस फरमान से पत्रकारों में काफी रोष है। जिसको लेकर मंगलवार को सुबह साढ़े 10 बजे सकलडीहा तहसील क्षेत्र के सभी पत्रकार धानापुर ब्लॉक संसाधन केंद्र पर पहुंचेंगे। और बीईओ से पत्रकारों के स्कूल में प्रवेश पर प्रतिबंध को लेकर पूछताछ करेंगे। विदित हो कि धानापुर बीईओ द्वारा मीटिंग में शिक्षकों को विभीषण कहां गया। इस बात की खबर अखबार में छप गई तो उन्होंने बैठक में शामिल 31 शिक्षकों को स्पष्टीकरण का नोटिस जारी कर ये कहने का दबाव बनाने जाने लगा की उनके द्वारा विभीषण कहने की बात कोई शिक्षक किसी से नहीं बताया है। यहीं नहीं सरकारी धन गटकने को 121 बच्चो का फर्जी नाम लिख देने के साथ-साथ बीईओ द्वारा किया गया अन्य कई भ्रष्टाचार की खबर प्रमुखता से छापें जाने पर बौखलाए बीईओ ने सोशल मीडिया पर चिट्ठी वायरल कर पत्रकार को अपमानित करने का काम किया। जिसमे उससे शैक्षिक योग्यता व अधिकृत पत्र एवं पहचान पत्र मांगने के साथ अन्य कई बातें कहीं गई। इन सभी बातों को लेकर पत्रकार संगठन उपजा (यूपी जर्नलिस्ट एसोसिएशन) के पत्रकारों में काफी रोष है। अभिव्यक्ति के आजादी पर इस तरह से प्रश्न चिन्ह खड़ा करना कही बीईओ को भारी न पड़ जाए।

### कई शिक्षकों के शैक्षणिक अभिलेख फर्जी- ज्ञान प्रकाश

**चंदौली।** अनुदेशक वेलफेयर एसोसिएशन के ब्लॉक अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश सिंह ने कहा है कि विकास खंड क्षेत्र के अलग अलग स्कूलों में नियुक्त कई शिक्षकों के शैक्षणिक अभिलेख फर्जी हैं। उन्होंने यह बात शकुन टाइम्स अखबार के जिला प्रतिनिधि के साथ हुई विशेष बातचीत के दौरान कही। उन्होंने कहा कि यदि सच मे मीडिया चौथा स्तंभ है तो उसे इस तथ्य को भी उजागर करना चाहिए कि यहां कई शिक्षक ऐसे भी हैं जो अब भी सेवा में हैं। किंतु उनके शैक्षणिक अभिलेख फर्जी हैं। उन्होंने कई शिक्षक नेताओं और शिक्षकों पर बीईओ के विरोध करने का आरोप भी लगाया। किंतु जब उनसे शिक्षकों का नाम पूछा गया तो उन्होंने मिलकर बताने की बात कही।

### आज धानापुर बीईओ का घेराव करेंगे पत्रकार

**चंदौली।** पत्रकारों के प्रति अपमान जनक टिप्पणी और उनके स्कूलों में प्रतिबंध के विरोध में मंगलवार को क्षेत्र के पत्रकार यूपी जर्नलिस्ट एसोसिएशन (उपजा) के बैनर तले धानापुर बीईओ का वीआरसी में घेराव करेंगे। जिलाध्यक्ष दीपक सिंह, तहसील अध्यक्ष चंद्रजीत पटेल के नेतृत्व में पत्रकारों ने चेतावनी दिया है कि यदि बीईओ का तुगलकी फरमान खत्म करने के साथ साथ उनपर लगे भ्रष्टाचार की जांच कर उन्हें दंडित नहीं किया गया तो पत्रकार भी चैन से नहीं बैठेंगे।

### अक्सर स्कूल से गायब रहने वाले शिक्षक हैं परेशान

**चंदौली।** बीइओ पर भ्रष्टाचार के आरोप लगने और उसे लेकर अखबार में खबर छपने को लेकर अक्सर स्कूल से गायब रहने वाले शिक्षक परेशान हैं। किंतु दूसरी तरफ वे शिक्षक बेहद खुश हैं जो नियमित स्कूल आते हैं। और पठन पाठन को लेकर सदैव सजग रहते हैं।

## दो पिकअप,एक स्कार्पियो में लदे मवेशी को पुलिस ने पकड़ा



शकुन टाइम्स संवाददाता

**चहनियां/चंदौली।** बलुआ थाना क्षेत्र के मथेला में पुलिस ने दो पिकअप व एक स्कार्पियो में लदे 18 मवेशी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। जिसमे एक मवेशी की मौत हो चुकी थी। पुलिस को देख पशु तस्कर गाड़ी छोड़ फरार हो गये। पुलिस ने पशुओं को गौशाला केंद्र भेजकर तीनो वाहनों को हिरासत में ले लिया। बलुआ पुल के रास्ते से तीन वाहनों एक स्कार्पियो व दो पिकअप में 18 पशुओं को पशु तस्करी के लिए ले जा रहे थे। मुखबिर से सूचना मिलने बलुआ इंस्पेक्टर डॉ. आशीष मिश्रा व कैलावर चौकी इंचार्ज अनिल यादव ने मय फोर्स तीनों वाहनों का पीछा किया। पुलिस को देख तीनो वाहनों पर सवार पशु तस्कर मथेला के पास वाहन छोड़ फरार हो गये। पुलिस ने तीनों वाहनों से पशुओं को मुक्त किया। जिसमें कुल 18 पशु बंधे थे। एक पशु की मौत हो चुकी थी। पशुओ को सर्वानन्दपुर गौशाला में भेजने के बाद पशु तस्करी में इस्तेमाल तीनों वाहनों को कब्जे में लेकर थाने कार्यवाही के लिए भेज दिया गया। इस संदर्भ में बलुआ इंस्पेक्टर डॉ. आशीष मिश्रा ने बताया कि पशु तस्करों को किसी भी हाल में छोड़ा नही जायेगा।

## संक्षिप्त सामाचार

### गंदगी फैलाने की बात को लेकर की मारपीट

**मैनपुरी।** क्षेत्र के गांव नगला अखें निवासी सुखदेवी पत्नी जबर सिंह जाटव ने बताया है कि सोमवार को सुबह करीब 7 बजे गंदगी फैलाने की बात को लेकर गांव के लाल सिंह पुत्र झब्बू लाल,दीपू पुत्र लाल सिंह जाटव ने उनके दरवाजे पर आकर गालियां देते हुए लात घूंसों से उनके साथ मारपीट की उन्हें वह उनके पति को बहुत गंदी-गंदी गाली दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### खेत नपती के बाद खेत को नामजद ने ट्रैक्टर से जोतकर किया कब्जा

**मैनपुरी।** क्षेत्र के गांव बघौनी निवासी मंजू देवी पत्नी अखिलेश कुमार ने पुलिस को बताया है कि उनके नाम खेत गाटा संख्य 302 रकवा 0.2670 है। लेखपाल द्वारा खेत की नपती पुलिस के सामने हुई है।फिर भी नपती के बाद गांव के ही नामजद ने सोमवार को सुबह करीब 6 बजे ट्रैक्टर से खेत जोतकर कब्जा कर लिया है। कहासुनी करने पर गालियां देकर झगड़े को दौड़ पड़ते हैं।

### संतान न होने पर भतिज बहू के नाम किया खेत का बैनामा

**मैनपुरी।** थाना क्षेत्र के गांव शेखूपुर मौजा समाज निवासी वीरेंद्र पुत्र गयादीन यादव ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि उनके कोई संतान नहीं है।उसने अपने खेत का बैनामा भतिज बहू सोनी पत्नी नीरज यादव के नाम किया था। जिसको एक वर्ष हो गया है लेकिन उनके बकाया 80 हजार रुपए नहीं दिए। उनके बचे ढाई बीघा खेत मे खड़ी धान की फसल सोमवार को काट ले गए हैं। उनके भतीजे नीरज यादव पुत्र तुलसीराम व उनके भाई तुलसीराम पुत्र गयादीन यादव ने धान काट लिया है।

### घरेलू बात को लेकर जेठ जेठानी ने की मारपीट

मैनपुरी। क्षेत्र के गांव कैथपुर निवासी कुसुम देवी पत्नी सुलखान सिंह ने पुलिस को बताया है कि सोमवार को उनके जेठ मलखान सिंह पुत्र मिट्ठू लाल व मीरा देवी पत्नी मलखान सिंह ने घरेलू बात को लेकर उनके साथ गाली-गलौज कर लाठी डंडों से मारपीट की है।

### निजी जगह में स्लेप डालकर कब्जा करने की पुलिस से की शिकायत

**मैनपुरी।** क्षेत्र के गांव हर्राजपुर कला निवासी उर्मिला भदौरिया पत्नी स्व हरनारायण सिंह भदौरिया ने बताया है कि उनकी जगह में उनकी दीवाल है। जिस पर सोमवार को उनकी देवरानी शशि देवी पत्नी राजू सिंह व सूरज पुत्र राजू सिंह ने अपनी स्लेप डालकर कब्जा कर रहे हैं। उनके विरोध करने पर नहीं मानते हैं और उनके साथ मारपीट करने पर उतारू है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### खेत नाम करने को लेकर पिता के साथ की मारपीट

**मैनपुरी।** क्षेत्र के गांव रैंचन्दा मौजा समान निवासी जवाहरलाल पुत्र श्री राम यादव ने बताया है कि उनका लड़का विमलेश यादव जो उनकी मारपीट रोजाना करता है। उनके नाम 17 बीघा खेत है सात सात बीघा खेत दोनों लड़कों को दे दिया है। उनके पास चार बीघा खेत बचा है उसमें से आधा खेत दो बीघा उनका लड़का विमलेश मांग रहा है। सोमवार को उनके साथ लड़का विमलेश ने उनके साथ मारपीट की है।

### दहेज में बाइक न मिलनें पर बिबाहिता की गला दबाकर हत्या

**मैनपुरी।** दहेज मे बाइक न मिलने पर दहेज लोभियो ने बिबाहिता की गला दबाकर हत्या कर कर शव को छोडकर फरार हो गये। घटना की रिपोर्ट थाना कोतवाली मे दर्ज कराई गई है।बताते है कि जनपद एटा के थाना नयागांव ग्राम सिमरा निवासी रामकिशोर पुत्र सूबेदार सिंह ने अपनी पुत्री कल्पना की शादी थाना क्षेत्र के ग्राम बरधनिया निवासी रमेश सिंहे कें पुत्र शिवराज सिंह के साथ यथा सम्भव दान दहेज के साथ बर्ष 2021 मे की थी शादी के बाद सें ही ससुरालीजन दहेज मे बाइक व सोने की चौन को लेकर कल्पना का उसके ससुरालीजन शारीरिक एंव मानसिंक शोषण करते थे।

RNI : UPHIN/2012/45286
शकुन टाइम्स
निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज
info.shakuntimes@gmail.com www.shakuntimes.com shakuntimes
आत्मनिर्भर भारत
बनें अपने शहर, अपने क्षेत्र की आवाज
उठाएं आमजन की समस्याएं, बेनकाब करें भ्रष्टाचारियों को
विकास के मुददो में दे अपना योगदान और करें आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार
आपकों अवसर देता है मीडिया क्षेत्र में करियर बनाने का
रिपोर्टर्स की आवश्यकता है
सम्पर्क सूत्र
9935781155, 9506320127

## मेधावियों का हुआ सम्मान

# बृजनंदनी कॉन्वेंट स्कूल के टॉपर्स को प्रमाण पत्र देकर किया गया सम्मान

शकुन टाइम्स संवाददाता



**चहनियां/चंदौली।** कस्बा स्थित बृजनंदनी कॉन्वेंट स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। टर्म 1 की परीक्षाओं में अपने कक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों को और उनके अभिभावक को चेयरमैन बिरजू अग्रहरी सर्टिफिकेट, अंगवस्त्र और गिफ्ट देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ये बच्चों के साथ साथ उनके माता पिता और उनके शिक्षकों के मेहनत का नतीजा है। आप सब इसी तरह मेहनत करते रहें, निश्चित तौर पर आपको सफल होने से कोई नहीं रोक सकता। विद्यालय के निदेशक डॉ अखिलेश अग्रहरी ने कहा कि ताउम्र परीक्षाओं का क्रम निरंतर चलता रहता है। जो अनुशासित रह कर इसको अटेम्प्ट करता रहेगा, सफलता उसी को मिलती रहेगी। किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अनुशासन और निरंतरता का बना रहना बहुत जरूरी है। आए हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि यदि कोई अभिभावक यह चाहता है कि उनका बच्चा कुछ अच्छा करे तो इसके लिए उन्हें भी अपने बच्चों को समय देना पड़ेगा।

उन्हें अपने बच्चों के लिए समय निकालना पड़ेगा। सफलता का कोई शॉर्ट कट नहीं है। इस अवसर पर बच्चों ने अपने गीतों के माध्यम से सबको बांधे रखा और भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर रीना सिंह, जयंत कुमार, विशाल सिंह, आलोक, कुंदन, नितिन कुमार, सिमरन, चुन्नू मिश्रा, संजीव कुमार, मीरा पाल आदि के साथ ही साथ सभी कक्षाओं के टॉपर्स के अभिभावक उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाचार्या दीपानिता चक्रवर्ती और संचालन वाचस्पति पाण्डेय ने किया।

# पूर्व प्रधान राम प्रताप के लिए संयुक्त शोक सभा

### यादव महासभा एवं गोवर्धन पूजा समिति ने संयुक्त रूप से श्रद्धांजलि दिया

शकुन टाइम्स संवाददाता



**वाराणसी।** पूर्व विधायक राजर्षि राजित प्रसाद यादव जी के छोटे भाई,ग्राम मसौनी के पूर्व प्रधान एवं पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य श्री राम प्रताप यादव जी का विगत 19 अक्टूबर को निधन हो गया था ! रामप्रताप यादव जी के बड़े भाई पूर्व विधायक स्व.राजित प्रसाद यादव जी के अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा एवं गोवर्धन पूजा समिति में महत्वपूर्ण योगदान के अनंतर वाराणसी में संयुक्त रूप से श्रद्धांजलि दी गई !कार्यक्रम के शुरुआत में रामप्रताप यादव जी के भतीजे वाणीपुत्र, हास्ययोगी डॉ.भारत भूषण यादव ने रामप्रताप यादव जी के जीवन,उनके सिद्धांतों /उपलब्धियों पर प्रकाश डाला !सभा की शुरुआत में दो मिनट मौन रहकर उपस्थित सभी लोगों ने श्रद्धांजलिअर्पित किया !पूर्वांचल के विभिन्न जिलों एवं दिल्ली गाजियाबाद ,बिहार से आए महत्वपूर्ण लोगों ने स्व.रामप्रताप यादव जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए अपनी श्रद्धांजलि दिया! अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष श्री अशोक यादव जी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित श्रद्धांजलि सभा कीअध्यक्षता गोवर्धन पूजा समिति के अध्यक्ष विनोद यादव गप्पू ने किया !संचालन राजाराम यादव जी का रहा!

# शिक्षा के बगैर जीवन अधूरा, हमारी सरकार शिक्षा पर देर रही विशेष ध्यान- चेयरमैन गौरव श्रीवास्तव

- शिक्षा से बच्चों को जोड़ना बेहद अनिवार्य - ब्लाक प्रमुख
- पूर्वांचल पोस्ट फाउंडेशन द्वारा दिपावली के पूर्व संध्या पर दीपोत्सव कार्यक्रम व शिक्षा उन्नयन गोष्ठी का किया गया आयोजन
- 150 वनवासी लोगों में वितरित हुआ मिठाई दीपक व अन्य सामग्री
- 100 छात्रों में वितरित हुआ शिक्षण सामग्री
- जमसोती गांव स्थित महुआ बाबा आश्रम के परिसर में कार्यक्रम का हुआ आयोजन



शकुन टाइम्स संवाददाता

**नौगढ़/चंदौली।** सोमवार को स्थानीय तहसील क्षेत्र के जमसोती गांव स्थित महुआ बाबा के परिसर में 9 वें साल भी पूर्वांचल पोस्ट फाउंडेशन द्वारा दिवाली के पूर्व संध्या पर दीपोत्सव कार्यक्रम व शिक्षा उन्नयन गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का शुभारंभ अतिथि नगर पंचायत चकिया के चेयरमैन गौरव श्रीवास्तव, अतिविशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख चकिया शम्भू नाथ यादव, एसडीएम कुंदन राज कपूर व महुआ बाबा आश्रम के स्वामी गोविंद बाबा सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीपक जलाकर किया। गोष्ठी के दौरान अतिथियों ने शिक्षा की महत्ता बताते हुए उपस्थित बच्चों व अभिभावकों को शिक्षा से जोड़ने का भरपूर प्रयास किया। वही 100 छात्रों में शिक्षा सामग्री सहित 150 वनवासी समाज से आए हुए लोगों में दिवाली मनाने के लिए मिठाई, दीपक, तेल, लाई पैकेट , मोमबत्ती , माचिस, रुई बत्ती सहित अन्य सामग्रियों के साथ बच्चों में मिट्टी के खिलौने भी वितरण किए गए। बता दें कि जमसोती गांव स्थित महुआ बाबा परिसर में पूर्वांचल पोस्ट फाउंडेशन द्वारा 9 वर्ष भी दिवाली के पूर्व संध्या पर दीपोत्सव कार्यक्रम व शिक्षा उन्नयन गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में नगर पंचायत अध्यक्ष ने पूर्वांचल पोस्ट फाउंडेशन के इस नेक कार्य की सराहना करते हुए कहा कि जीवन में शिक्षा बेहद जरूरी है, शिक्षा बगैर जीवन अधूरा रहता है, शिक्षा ही हमें आगे के रास्तों पर ले जा सकता है। शिक्षा ग्रहण करना बेहद जरूरी है।

वही यह भी कहा कि हमारी सरकार शिक्षा पर पूरी तरह जोर दे रही है, जिससे पिछड़े,दलित व वनांचल क्षेत्र के बच्चे भी अच्छी शिक्षा ग्रहण कर जागरूक व जानकारी हो सके। दीपक जब जतला है तो प्रकाश देता हैं। उसी प्रकाश जब छात्र शिक्षक होकर ज्ञानरुपी प्रकाश कुंज समाज में फैलाते हैं। वही ब्लाक प्रमुख चकिया ने कहा कि शिक्षा बगैर जीवन अधूरा है। हमें शिक्षा ग्रहण हर हाल में करना होगा,तभी हम आगे जाकर गांव,जनपद, प्रदेश व देश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्वांचल पोस्ट फाउंडेशन एक एसी संस्था है,जो प्रत्येक वर्ष इस नेक कार्य को करते हुए बच्चों में शिक्षा सामग्री का वितरण करता है, दशकों से मैं इस संस्था से जुड़ा हुआ हूं,और इसके इस नेक कार्य मैं प्रसन्न हूं। नौगढ़ एसडीएम कुंदन राज कपूर ने कहा कि बच्चों को शिक्षा ग्रहण करना जरूरी है, इसके साथ ही अभिभावकों का भी पूरी जिम्मेदारी बनती है कि बच्चों पर बराबर निगरानी करें। वह शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं या कुछ और कर रहे हैं। जिसको संज्ञान में लेकर उन्हें बेहतर बनाने में अपना भरपूर योगदान दे, उनको हर दिन चेक व रिचेक जरूर करें, ताकि बच्चा स्कूल जाने के बाद क्या पढ़ा और घर से क्या होमवर्क करके स्कूल गया। इन चीजों पर अभिभावकों को ध्यान देना आवश्यक है। गोष्ठी के उपरांत 100 छात्रों व हिनौत घाट व जमसोती के 150 वनवासी समाज से आए लोगों में में शिक्षा सामग्री व दिवाली में उपयोग होने वाले सामग्रियों का वितरण पूर्वांचल पोस्ट फाउंडेशन द्वारा किया गया। बच्चों में शिक्षा सामग्री जीके, बुक, नोटबुक, मिठाई, मिट्टी के दिये, खिलौने, ड्रम बॉक्स,बिस्कुट के साथ ही अभिभावकों में दिवाली की सामग्री लाई, तेल,मोमबत्ती, सोनपापड़ी, मिट्टी के दिए सहित उन सामग्रियों का वितरण किया गया। दिवाली में उपयोग होने वाले सामग्रियों को पाकर महिलाएं सहित बच्चे पूरी तरह चहंक उठे। इस दौरान महुआ बाबा आश्रम के महंत, पूर्वांचल पोस्ट फाउंडेशन के डायरेक्टर प्रशांत कुमार, पूर्व प्रधान चेतन मौर्या , कमलेश ,लव सोनकर, सभासद सुरेश सोनकर, आश्रम के सचिव नरेंद्र सिंह, पूर्वांचल पोस्ट फाउण्डेशन के जनपद प्रभारी श्री चंद, पत्रकार अरुण कुमार, देवा, उमाशंकर मौर्य, लोकपति सिंह, तरुण भार्गव, फाउंडेशन के कोषाध्यक्ष अमरदीप गुप्ता , डिप्टी सीएमओ, रोशन, सहित गांव के महिला व पुरुष सैकड़ो की संख्या में उपस्थित रहे।

## एक्सिस स्कूल में दीपक बनाओ प्रतियोगिता हुई आयोजित

शकुन टाइम्स संवाददाता



**औरैया (ब्यूरो)।** नगर बाबरपुर के एक्सिस पब्लिक स्कूल में दीपक बनाओ प्रतियोगिता कराई गई जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें बच्चों ने अपने हाथों से दिया सजाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया इस अवसर पर प्रिंसिपल एनके मिश्रा ने बताया कि दीपावली उत्सव का त्यौहार है इस दिन भगवान श्री राम वनवास के बाद अयोध्या में लौटे थे व उनका राज्याभिषेक हुआ था।

इसी की खुशी में अयोध्या वासियों ने घरों में दीप जलाकर खुशियां मनाई थी।इस दीप बनाओ प्रतियोगिता कपिल ग्रुप (केशव अंशुल, कशिश आलिया) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और मयंक ग्रुप (आदित्य,दिव्यांशी) दूसरा स्थान प्राप्त किया और अंश चक्र ग्रुप में(श्रीनिका,अंशिक) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल के डायरेक्टर श्री दीपक दीक्षित ने बच्चों को प्रोत्साहित किया बाद में उन्होंने सभी को दीपावली की अग्रिम बधाई दी व समस्त स्टाफ को मिठाई भेट की व स्टाफ को कड़ी मेहनत करते रहने को कहा बच्चों को पढ़ना के लिए जिससे बच्चों के उज्जवल भविष्य की नीव मजबूत हो सके इस अवसर पर और अमन आदि समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## रिचा और सौम्या ने रंगोली में पाया पहला स्थान

शकुन टाइम्स संवाददाता



**औरैया (ब्यूरो)।** दीवाली पर रंगोली बनाने की परंपरा सदियों पुरानी है हिंदू शास्त्रों के मुताबिक, रंगोली बनाने से घर में सकारात्मक ऊर्जा फैलती है और नकारात्मक ऊर्जा खत्म हो जाती है. दिवाली के दिन देवी लक्ष्मी के स्वागत में घर के प्रवेश द्वार पर रंगोली बनाई जाती है। विद्यालय में मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित कस्बे की वरिष्ठ पत्रकार रेनू गुप्ता ने रंगोली का अवलोकन कर कक्षा 10 से रिचा और सौम्या सिंह को प्रथम स्थान, कक्षा 9 से सुंदरम व शुभी को द्वितीय स्थान तथा 2 बी से फातिमा और दिव्या को तृतीय स्थान घोषित किया साथ ही उन्होंने बच्चों को धर्म और सत्य का प्रतीक दिवाली की शुभकामनाएं दी और बच्चों को दीवाली के त्योहार का महत्व बताया। उन्होंने बच्चों को पटाखों से पर्यावरण को होने वाले नुकसान के खिलाफ भी जागरूक किया और पटाखों से परहेज करने की अपील की। इसके साथ साथ दिया बनाओ प्रतियोगिता में 4 बी से विराट ने प्रथम स्थान, 5 ए से आशी ने द्वितीय स्थान व 4 ए से आकांक्षा ने तृतीय स्थान घोषित किया।

लखनऊ पुलिस कस्टडी में युवक की मौत मामला

# मृतक मोहित पांडे के परिवार ने सीएम योगी आदित्यनाथ से की मुलाकात

शकुन टाइम्स संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में पुलिस हिरासत में यवुक की मौत का मामला काफी चर्चा में है। सोमवार को मृतक युवक मोहित पांडे के परिवार ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। सीएम योगी ने पीड़ित परिवार से घटना के बारे में जानकारी ली और उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। वहीं सीएम योगी ने पीड़ित परिवार को इस मामले में दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने का भी भरोसा दिलाया। इसके साथ ही योगी आदित्यनाथ ने मृतक मोहित पांडे के परिवार को 10 लाख रुपए की आर्थिक सहायता भी प्रदान की। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, मृतक मोहित पांडे का परिवार लखनऊ की बख्शी तालाब सीट से भाजपा विधायक योगेश शुक्ला के साथ सुबह लगभग 10 बजे सीएम योगी के सरकारी आवास पहुंचे। जहां उन्होंने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान सीएम योगी ने परिवार को 10 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की वहीं हरसंभव मदद का भी आश्वासन दिया। सीएम योगी ने कहा कि सरकार मृतक के बच्चों की पढ़ाई का खर्चा उठाएगी और इस मामले में किसी भी दोषी को बख्सा नहीं जाएगा। गौरतलब है कि राजधानी लखनऊ में पुलिस ने शुक्रवार रात दो सगे भाइयों को घर से उठाया था। शनिवार की सुबह हिरासत में एक की मौत हो गई।

हवालात में साथ बंद दूसरे भाई ने हकीकत बताई। कहा कि भाई प्यासा था। वह पानी मांग रहा था। लेकिन, किसी उसे पानी तक नहीं पिलाया। उसे टॉर्चर किया गया। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि किस तरह तड़पकर उसकी जान निकली होगी। मामला चिनहट थाना क्षेत्र के देवा रोड स्थित अपट्रान इलाके का है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैंक समीक्षा बैठक संपन्न



शकुन टाइम्स संवाददाता

**प्रयागराज।** सोमवार को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में संगम सभागार में जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद में कार्यरत समस्त बैंकों की वित्तीय प्रगति का आकलन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार द्वितीय त्रैमासिक समीक्षा की गई और जनपद के ऋण-जमा अनुपात के प्रदर्शन की समीक्षा की गई। अग्रणी जिला प्रबंधक द्वारा बताया गया कि सितंबर 2024 की तिमाही के अंत में प्रयागराज जनपद का ऋण-जमा अनुपात 40.04 प्रतिशत पर पहुँच गया है, जो कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित न्यूनतम 40 प्रतिशत के लक्ष्य को पूरा करता है। इस पर जिलाधिकारी ने जनपद में कार्यरत बैंकों की सराहना की और भविष्य में इसे बढ़ाने के प्रयास जारी रखने की अपील की।

## संक्षिप्त सामाचार

### पिकनिक स्पॉट जंगल में तेंदुए की सूचना स्थानीय लोगों को सतर्क रहने की अपील

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के पिकनिक स्पॉट जंगल में तेंदुआ दिखने की सूचना से हड़कंप मच गया है। न्यू नर्सरी के पास तेंदुए को देखे जाने की खबर के बाद वन विभाग की टीम सक्रिय हो गई है। हालांकि, अभी तक तेंदुए की मौजूदगी की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है। डिप्टी रेंजर कुकरैल, लखनऊ अरिजीत जोशी ने बताया कि रात्रि गश्त के दौरान रात तीन बजे पुलिस की पीआरवी ने देखा है। ऐसी इन्फॉर्मेशन मिली है। जिसके बाद उन्होंने वन विभाग को सूचना दी है। वन विभाग की टीम को लगाया गया है। तेंदुआ की जानकारी मिलने पर तलाश की जा रही है। एहतियात के तौर पर अधिकारियों ने लोगों को जंगल में न जाने की हिदायत दी है। वन विभाग की टीम तेंदुए की तलाश में जुटी है और स्थानीय लोगों को सतर्क रहने की अपील की गई है।

### होटल को उड़ाने की धमकी के बाद प्रशासन अलर्ट, ताज, रेनी सेंस में पहुंचा बम निरोधन दस्ता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में सोमवार को बम निरोधक दस्ता ने गोमती नगर के होटलों में निरीक्षण किया। ये अभियान रविवार को होटलों को बम उड़ाने की धमकी देने के बाद चलाया गया। होटल ताज, रेनी सेंस और सिलवेट में निरीक्षण किया गया। इस दौरान डॉग स्क्वाड मौजूद रहा है।बता दें लखनऊ के गोमतीनगर स्थित ताज होटल, रेन्सांस और हजरतगंज स्थित सिलवट में भी अभियान चलाया गया। रविवार को बम से उड़ाने की सूचना के बाद सोमवार को भी अभियान जारी रहा। हालांकि इस दौरान लोगों के बीच एक बार फिर बम की सूचना फैल गई। एसीपी गोमतीनगर विकास जयसवाल ने बताया कि अभियान के तहत चलाया जा रहा है।

### त्योहारों को लेकर डीजीपी हुए सख्त पुलिसकर्मियों को जारी किये दिशा-निर्देश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेश (डीजीपी) प्रशांत कुमार ने आगामी त्योहारों धनतेरस, दीपावली, भैया दूज, गोवर्धन पूजा और छठ महापर्व को लेकर सोमवार को यूपी पुलिस को सख्त दिशा निर्देश जारी किए हैं। डीजीपी प्रशांत कुमार पुलिस वालों को कहा है कि त्योहारों के मद्देनजर बाजारों में काफी भीड़ होती है, ऐसे में इन क्षेत्रों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाएं। भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई जाए। बाजारों में एंटी रोमियो स्क्वाड को भी सक्रिय रखा जाए।

### लखनऊ में 19 जिलों के आउट सोर्सिंग बिजली कर्मचारीयों का प्रदर्शन

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में दीपावली से पहले बिजली कर्मचारियों का आंदोलन शुरू हो गया है। सोमवार को गोखले मार्ग स्थित मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के कार्यालय के बाहर 19 जिलों से आए करीब 1 हजार कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान बिजली कर्मचारी नेता देवेंद्र पांडेय ने कहा निगम हर जिला कार्यालय में 50 प्रतिशत कर्मचारियों की छँटनी कर रहा है। इसके लिए लिस्ट लगा दी गई है। करीब 25 हजार कर्मचारी नौकरी से निकाल दिए जाएंगे। देवेंद्र पांडेय ने बताया कि आउट सोर्सिंग पर कार्यरत कर्मचारियों को निकाला जा रहा है। हम रोजी- रोटी पर हमला किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं करेंगे।

## आरएसएम विद्यालय में किया गया छात्र एवं छात्राओं के द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन



शकुन टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** सोमवार को आरएसएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल सिंभावली में कक्षा 9 व 10 के विद्यार्थियों द्वारा सामाजिक अध्ययन विषय में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया कक्षा 9 के विद्यार्थियों द्वारा प्रभाव पानी पृथक्करण पर वह कक्षा 10 के विद्यार्थियों द्वारा वर्षा जल संचयन व जल विद्युत उत्पादन विषय पर मॉडल बनाए गए विद्यार्थियों ने अभूतपूर्व प्रदर्शन किया व बढ़-चढ़कर भाग लिया प्रदर्शनी के निर्णायक उप प्रधानाचार्य नवनीत शर्मा कोऑर्डिनेटर संतवीर सिंह एवं निशु शर्मा साइंस विभाग अध्ययन नासिर अली रहे प्रधानाचार्य श्रीमती ग्रीष्मा कपूर के निर्देशन में सामाजिक अध्ययन अध्यापक नीरज कुमार द्वारा प्रदर्शनी आयोजित कराई गई जिसमें कक्षा 9 में प्रथम स्थान शगुन प्रधान व सहायक द्वितीय स्थान हर्षित सिरोही तृतीय स्थान अफीफा व सहायक छात्रों ने प्राप्त किया वहीं कक्षा 10 में प्रथम स्थान प्रीत गोयल द्वितीय स्थान मनोज राम व तृतीय स्थान पलक गिरी व सहायक छात्रों ने प्राप्त किया।

## नि :शुल्क हृदय रोग हेल्थ कैंप का आयोजन

**लखनऊ।** फैजाबाद रोड स्थित चंदन हॉस्पिटल में अलीगढ़ ओल्ड बॉयज एलुमनाई एसोसिएशन के संयुक्त प्रयास से आज एक निशुल्क हृदय रोग जांच संबंधी निशुल्क कैंप का आयोजन किया गया। चंदन हॉस्पिटल के वरिष्ठ हृदय रोग चिकित्सक डॉ. दानिश हसन काजमी और कालीकट केरला से आए डॉ मिर्जा मोहम्मद कामरान ने इस हृदय रोग शिविर में लगभग डेढ़ सौ से अधिक लोगों का इसीजी, इको और उनके वाईटल्स की जांच की. इनमें से लगभग 50 बच्चे भी थे जो बहुत छोटी उम्र से हृदय रोगों से संबंधित समस्याओं से पीड़ित हैं। डॉक्टर दानिश हसन ने कहा कि आज के शिविर में चेकअप स्क्रीनिंग के बाद यह तय होगा कि किसको किस तरह के इलाज की या सर्जरी की भविष्य के लिए आवश्यकता है। कम संसाधन वाले मरीजों के लिए भी पैसे के अभाव में इलाज ना रुके, इस हेतु हम लोग सामाजिक संस्थाओं की भी मदद लेते हैं।

## भाकियू टिकैत और मेला प्रशासन हुए आमने सामने

शकुन टाइम्स संवाददाता



**हापुड़।** सोमवार को कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान पर लगने वाले मेले में जगह के लिए भाकियू टिकैत की मेला प्रशासन से हुई जमकर नोक-झोंक सूचना मिलते ही कोतवाल नीरज कुमार ने मामले को सम्भालते हुए शीघ्र ही निस्तारण कराया ,कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान पर लगने वाले मेले में कैम्प कार्यालय की जगह के लिए भाकियू टिकैत की जिला पंचायत व मेला प्रशासन से हुई जमकर नोक-झोंक इस दौरान भाकियू टिकैत के कार्यकर्ता रास्ता रोकते हुए धरने पर बैठ गए।जिला अध्यक्ष दिनेश खेड़ा ने जानकारी देते हुए बताया है कि प्रत्येक वर्ष पूर्व की भांति इस वर्ष भी गढ़मुक्तेश्वर की तलहटी में कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान के लिए मेला लगाया जा रहा है जिसमें भारतीय किसान यूनियन टिकैत का कैंप कार्यालय के लिए जगह निश्चित है जिस जगह को जिला पंचायत द्वारा नहीं दी जा रही थी इसी बात को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारी व कार्यकर्ता गुस्से में आग बबूला हो गए और जिला पंचायत एएमए और जिला प्रशासन का रास्ता रोक धरने पर बैठ गए। जिसकी सूचना मिलते ही गढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू करते हुए कोतवाल नीरज कुमार ने जल्दी ही निस्तारण कर जगह चिन्हित करा दी गई तब पश्चात भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ता व पदाधिकारी सभी शांत हो गए और धरना स्थगित कर रास्ता खोल दिया गया। इस दौरान जिला प्रवक्ता कुँवर खुशनूद, मेरठ मंडल संगठन मंत्री महिपाल उर्फ गुजराल, तहसील गढ़ अध्यक्ष श्याम सुंदर त्यागी, सिंभावली ब्लॉक अध्यक्ष मुनव्वर अली,बिल्लू त्यागी, अक्षय चौधरी, राजा खेड़ा,समेत मौजूद रहे।

## यूपी में हालिया वर्षो में हर साल आठ से दस निर्दोष लोगों की पुलिस हिरासत में मौत चिंताजनकः प्रमोद तिवारी

शकुन टाइम्स संवाददाता



**लखनऊ।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने यूपी की राजधानी लखनऊ में पुलिस हिरासत में व्यापारी की मौत की घटना को भाजपा राज में क्रूरता की पराकाष्ठा कहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस हिरासत में एक युवा व्यापारी की हुई मौत सीधे तौर पर पुलिस प्रताड़ना के तहत हत्या है।

मृतक व्यापारी मोहित पाण्डेय की पीएम रिपोर्ट में उसके सिर समेत चार जगह चोट के निशान पाये गये हैं। थाने में तैनात पुलिसकर्मियों ने मृतक व्यापारी के साथ अपराधियों की तरह भयावह बर्ताव कर निरंकुशता की हदें पार कर दी। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि यूपी में इधर हालिया वर्षो में हर साल आठ से दस निर्दोष लोगों की पुलिस हिरासत में मौत की चिंताजनक घटनाएं हुई हैं। उन्होनें कहा कि इस वर्ष भी लखनऊ की इस घटना के साथ पुलिस हिरासत में मरने वालों की संख्या चार तक आ पहुंचना बेहद चिंताजनक है। उत्तर प्रदेशए पुलिस हिरासत में मौत के आंकड़ो में देश में सर्वाधिक घटनाओं का केंद्र बन गया है। उन्होनें कहा कि प्रदेश में लगातार बढ़ते अपराध के बीच पुलिस हिरासत में मौत की इस प्रकार की घटनाएं आम आदमी में सुरक्षा तथा न्याय की उम्मीद पर गहरा कुठाराघात है। वहीं राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने पश्चिम बंगाल में रोहगिंया घुसपैठ को लेकर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान पर तगड़ा पलटवार किया है। उन्होने गृह मंत्री से सवाल उठाया कि अगर अर्न्तराष्ट्रीय सीमा से घुसपैठ हो रही है तो भारत सरकार के गृह मंत्रालय की जबाबदेही है। उन्होंने कहा कि भाजपा को कुछ बोलने से पहले सोचना चाहिए कि घुसपैठ का मसला किन्ही दो प्रदेशों की सीमा पर नहीं अर्न्तराष्ट्रीय सीमा से जुड़ा मुददा है। अर्न्तराष्ट्रीय सीमा से इस प्रकार की घुसपैठ के लिए सीधे तौर पर देश के गृह मंत्री ही जबाबदेह हैं।

उन्होनें कहा कि मोदी सरकार मंहगाईए बेरोजगारी तथा राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े चिंताजनक हालात पर जबाबदेह होने की जगह सिर्फ मजहबी कार्ड खेला करती है। उन्होंने कहा कि अभी तक प्रधानमंत्री चीन की सीमा पर भी घुसपैठ को दावे भरे अदांज में इंकार करते रहे। राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि अब जब एक समझौते के तहत चीनी सेना के द्वारा भारतीय भूभाग से वापसी की बात की जा रही है।

## दीपावली मेला में दिखती है भारतीय संस्कृति की झलकः नम्रता पाठक

शकुन टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ।** नवयुग कन्या महाविद्यालय लखनऊ में दीपावली के अवसर पर, धनतेरस के पूर्व महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय के निर्देशन में एवं महाविद्यालय की सांस्कृतिक समिति के संयोजकत्व में दिवाली मेला आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन वरिष्ठ समाज सेविका नम्रता पाठक ने फीता काट कर किया।

महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय एवं सांस्कृतिक समिति के सभी सदस्य प्रो. मंजुला यादव, प्रो. सीमा सरकार, डा. सीमा पांडे, डा. अपूर्वा अवस्थी, डा. क्षितिज शुक्ला ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। छात्राओं द्वारा पारंपरिक रूप से तिलक लगा कर अतिथि वंदन किया गया। मुख्य अतिथि नम्रता पाठक को महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय द्वारा पौध, स्मृति चिन्ह, और महाविद्यालय की श्रीमती ललिता पांडे द्वारा बनाई गई मधुबनी पेंटिंग देकर सम्मानित किया गया।महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग की प्रो. सीमा सरकार की शोधच्छात्रा शुभांगी सोनी द्वारा विष्णु स्त्रोत पर स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षा शास्त्र विभाग और राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा एक रंगोली प्रतियोगिता भी आयोजित की गई ।जिसमें छात्राओं ने दीपोत्सव की सुंदर रंगोलियां बनाते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। तथा हरित दीवाली मनाये वातावरण बचाने का संदेश दिया गया। इस प्रतियोगिता की निर्णायक सदस्या अर्थशास्त्र विभागाध्यक्षा प्रोफेसर शर्मिता नंदी, समाजशास्त्र विभागाध्यक्षा डॉ विनीता सिंह, संस्कृत विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ वन्दना द्विवेदी रहीं । रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कामिनी को द्वितीय स्थान अंजलि खरे , तृतीय स्थान दीक्षा वर्मा, एवं सांत्वना पुरस्कार गुंजन कश्यप एवं नेहा कुमारी को प्राप्त हुआ।

## मोहित पांडे कस्टोडियल डेथ मामले में बीजेपी विधायक का कनेक्शन ?

### मृतक के दोस्त ने लगाया गंभीर आरोप

शकुन टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ।** चिनहट थाने में पुलिस हिरासत में मोहित पांडेय की मौत का मामला अब और गहराता जा रहा है। क्योंकि इस मामले को लेकर पहले से योगी सरकार पर सवाल और प्रशासन की थू-थू हो रही थी इसी बीच इसी बीच मोहित पांडेय की मौत के मामले में मोहित के दोस्त राहुल सिंह ने बीजेपी विधायक का भी जिक्र कर दिया है। मृतक युवक के दोस्त राहुल ने मीडिया को बताया है कि आरोपी आदेश और उसका चाचा गोंडा से बीजेपी विधायक अजय सिंह के करीबी हैं। आदेश सिंह का चाचा बीजेपी विधायक अजय सिंह के लिए ठेकेदारी करता है और रात 11 बजे से अगले दिन दोपहर 1 बजे तक मोहित पांडेय को गैर कानूनी ढंग से किसके इशारे पर थाने में रखा गया। इससे पहले मोहित के परिजनों ने आदेश के चाचा का भी नाम लिया था। उन्होंने कहा था कि आदेश के चाचा के फोन करने पर पुलिस ने मोहित को काफी प्रताड़ित किया और पुलिस को आदेश के चाचा ने पैसे दिए इसके बाद यह सब हुआ।परिजनों ने कहा था कि मोहित के भाई जब मोहित को छुड़ाने थाने गए तो उनको भी पुलिस ने बंद कर लिया था और उनके साथ भी मारपीट हुई। बता दें कि मामला चिनहट थाना क्षेत्र के देवा रोड स्थित अपट्रान इलाके का है। यहां से शुक्रवार रात पुलिस दो भाइयों मोहित पांडेय और शोभाराम पांडेय को झगड़े के एक मामले में घर से उठाकर ले गई थी। शनिवार को मोहित पांडेय (32) की मौत हो गई। हवालात में साथ बंद दूसरे भाई ने हकीकत बताई। कहा कि भाई प्यासा था। वह पानी मांग रहा था। लेकिन, किसी उसे पानी तक नहीं पिलाया। उसे टॉर्चर किया गया। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि किस तरह तड़पकर उसकी जान निकली होगी। एक की मौत के बाद पुलिस के हाथ-पांव फूल गए। पुलिस ने दूसरे भाई को तत्काल छोड़ दिया। खबर मिली तो रोते बिलखते घरवाले पहुंचे। घरवालों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाकर सड़क पर हंगामा करना शुरू कर दिया। विधायक योगेश शुक्ला विरोध-प्रदर्शन के दौरान यहां पहुंचे थे। उन्होंने परिजनों को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने पीड़ित परिवार को एक लाख रुपये की मदद दी। जिस पर पत्नी भड़क गई। वहीं, आज (28 अक्टूबर) मृतक युवक मोहित पांडे के परिवार ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की।

## पुलिस सत्ता का टूल बन काम करेगी तो सवाल उठेंगे : वीरेन्द्र सिंह

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में उपचुनाव का बिगुल तो बज ही चुका हैं। पोस्टर वार भी लगातार चल रहा हैं। कोई बंटेंगे तो काटेंगे के पोस्टर लगा रहा हैं तो कोई न बंटेंगे न कटेंगे, 2027 में नफरत वाले हटेंगे पोस्टर लगा रहा हैं। राजनीति गलियारों में एक के बाद एक नेताओं के बड़े बयान सामने आ रहे हैं। चंदौली से सपा सांसद वीरेंद्र सिंह का बड़ा बयान सामने आया हैं। उन्होंने पुलिस कस्टडी में मौत पर कहा कि पुलिस सत्ता का टूल बन काम करेगी तो सवाल जरूर उठेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि संजय निषाद और ओमप्रकाश राजभर पीडीए के साथी हैं।सत्ता के कारण अभी बाहर हैं। संजय निषाद और ओमप्रकाश राजभर पीडीए के अंग बनेंगे तो हमे अच्छा लगेगा। बंटेंगे तो कटेंगे के नारे को कहा, अगर पीडीए के साथी बंटेंगे तो सत्ता में बैठे लोग आरक्षण छीन लेंगे, हिस्सेदारी छीन लेंगे।

## तालीम के साथ साथ सियासत भी वक्त की जरूरतः जावेद इकबाल मंसूरी

### बाबूबरही बरदाही पंचायत में हुए मंसूरी सम्मेलम में जुटे मंसूरी समाज के लोग

शकुन टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ।** मुस्लिमो में मंसूरी समाज की एक बड़ी आबादी होने बाद भी हमे वह सम्मान नही मिलता है जो दूसरे समाज के लोगो को मिलता है,जिसका मुख्य कारण है तालीम के साथ साथ हम अपनी सियासी पहचान को भी मोहताज है,इसलिए मंसूरी समाज तमीम के साथ साथ सियासत के मैदान में भी अपनी मजबूत पकड़ बनानी होगी,यही वक्त की जरूरत है। यह बात जमीअतुल मंसूर के राष्ट्रीय अध्यक्ष, यू पी एग्रो के पूर्व चौयरमैन, पूर्व राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार जावेद इकबाल मंसूरी ने मधुबनी जिले के बाबूबरही प्रखंड के बरदाही पंचायत में आयोजित मंसूरी सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कही। सम्मेलम के मुख्य अतिथि जावेद इकबाल मंसूरी ने कहा सिर्फबिहार ही नही पूरे देश मे मंसूरी समाज की बड़ी आबादी जिन्हें अलग अलग प्रदेशों में अलग अलग नामो से भी जाना जाता है,उन्हों ने कहा जमीअतुल मंसूर पूरे देश के मंसूरी समाज को एकजुट कर रहा है ताकि उनके हक और हुकूक की लड़ाई मजबूती से लड़ी जा सके। पूर्व मंत्री जावेद इकबाल मंसूरी ने कहा सियासी हिस्सेदारी पाने के लिए समाज को एकजुट होना पड़ेगा,और सभी राजनैतिक दलों से हमारे समाज के लोगो को उनकी आबादी के अनुसार टिकट देने के लिए मजबूर करने होगा तभी मंसूरी समाज वह मुकाम मिल सकेगा जिसकी वह हकदार है। जमीअतुल मंसूर बिहार प्रदेश के अध्यक्ष अजीम मंसूरी ने कहा कि बिहार प्रदेश में जमीअतुल मंसूर का संगठन मजबूती से काम कर रहा है,पदेश के अधिकांश जिलों में जमीअतुल मंसूर का संगठन का गठन हो चुका है। अजीम मंसूरी ने कहा कि इस सम्मेलन का मकसद मंसूरी समाज मे बेदारी, सामाजिक, आर्थिक, तालीमी, राजनैतिक मुद्दों पर विचार और सभी मे समाज की मजबूत भागीदारी कैसे हो,इसपर विचार करने के साथ साथ पूरे बिहार के सभी जिलों में जमीअतुल मंसूर संगठन को मजूबत और संगठित करने पर पर चर्चा की गई।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान की बैठक सम्पन्न

शकुन टाइम्स संवाददाता



**हापुड़।** सोमवार को डीएम श्रीमती प्रेरणा शर्मा व मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान 2024 के अन्तर्विभागीय जनपद स्तरीय समीक्षा की बैठक आहूत की गयी। बैठक में डीएम के समक्ष अन्तर्विभागीय गतिविधियों पर गहन चर्चा की गयी। अभियान में स्वास्थ्य विभाग नोडल विभाग है। जिसका कार्य संचारी रोगों तथा दिमागी बुखार केसों की निगरानी, रोगियों के उपचार की व्यवस्था, रोगियों के नि:शुल्क परिवहन हेतु रोगी वाहन सेवा की व्यवस्था, वाहक नियंत्रण गतिविधियों ग्रामीण क्षेत्रों में वाहक के घनत्व का आँकलन, स्रोतों में कमी, लार्वा रोधी गतिविधियों तथा आवश्यकतानुसार फागिंग, प्रचार प्रसार एवं व्यवहार परिवर्तन गतिविधियों तथा मानीटरिंग, पर्यवेक्षण, रिपोर्टिंग, अभिलेखीकरण एवं विश्लेषण करना है। पंचायतीराज विभाग द्वारा बैठक में अवगत कराया गया कि जनपद के प्रत्येक ग्रामों में संचारी रोग को लेकर सर्वे कराया जा रहा है तथा जहां पर भी चिकनगुनिया व संचारी रोग के लक्षण दिखाई देते हैं वहां पर तत्काल प्रभाव से साफ सफाई तथा एंटीलार्वा का छिड़काव कराया जा रहा है। प्राथमिक शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालय में बच्चों को संचारी रोग के सम्बन्ध में जानकारी देना है। बैठक में डीएम ने कहा कि सभी एम0ओ0आई0सी0 अन्तविभागीय अधिकारियों कर्मचारियो से समन्वय स्थापित करते हुये सुपरवाइजरिंग रिपोर्ट उपलब्ध करायेंगे, आई.सी.डी.एस. विभाग द्वारा कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों की पहचान करना तथा अति कुपोषित बच्चों को एन0आर0सी0 भेजने का निर्देश दिया गया। नगरपालिका एवं नगर पंचायत विभाग द्वारा शहरी क्षेत्रों में नालियों की सफाई एवं फागिंग का लक्ष्य निर्धारित किया गया सीडीओ ने मलेरिया अधिकारी को निर्देशित किया कि सम्बन्धित विभागों से समन्वय स्थापित करते हुये अभियान को सफल बनाया जाय। संचारी रोग नियंत्रण दस्तक अभियान के तहत फन्ट लाइन वर्कर्स (आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ती) प्रतिदिन कालाजार एवं फाइलेरिया के विषय में लोगों को जागरूक करेंगी एवं बुखार रोगियों की सूची, आई0एल0आई0 (एनफ्लुएन्जा लाइक इलनेस) रोगियों की सूची, क्षय रोग के लक्षण युक्त व्यक्तियों की सूची, कुपोषित बच्चों की सूची,क्षेत्र वार ऐसे मकानो की सूची जहाँ घरो के भीतर मच्छरो का प्रजनन पाया जाता है कि सूची प्रतिदिन कार्य की समाप्ति पर क्षेत्रीय ए0एन0एम0 के माध्यम से ब्लाक मुख्यालय पर निर्धारित प्रपत्र में उपलब्ध करायेंगी। डीएम ने बैठक में उपस्थित सभी एम0ओ0आई0सी0 को निर्देश दिए की संचारी रोग व अन्य किसी भी बीमारी से पीड़ित व्यक्तियों को सरकारी अस्पताल में इलाज कराने हेतु आशाओं एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा उनको जागरूक किया जाए ।

बैठक में एसडीएम गढ़, मुख्य चिकित्साधिकारी अधिशासी डॉ सुनील त्यागी, जिला अस्पताल प्रभारी डॉक्टर प्रदीप मित्तल, अधिकारी नगर पालिका परिषद तथा जिला पंचायत राज अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## सम्पादकीय

# अब मुकाबला सीधाः डराने वालों और डरो मत के बीच

बटेंगे तो कटेंगे जैसे नारों का उद्देश्य एक ही होता है दलित पिछड़ों आदिवासियों, कृषि निर्भर जातियों और सवर्णों में भी अन्य दूसरे तीसरे पायदान पर आने वाली जातियों को डराना कि उन्हें कोई खतम करने वाला है। नारा देने वाले के कहने का मतलब होता है देश में कोई कानून व्यवस्था नहीं है। न्याय नहीं है। शांति का माहौल नहीं है। दस साल केन्द्र के और सात साल उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकारों को हो गए मगर तुम निश्चिंत नहीं रह सकते, तुम्हें डरना चाहिए। दस साल पहले डर नहीं था। कोई कटने कटाने की बात नहीं करता था। लेकिन अब इनकी सरकार आ गई हो तो बंटना कटना जैसे हिंसक, भय पैदा करना वाले शब्दों का उपयोग किया जाने लगा है। डर लोगों को नहीं है। डर इन्हें है कि लोग कहीं डरना नहीं छोड़ दें। इन्हें लगता है कि जनता अगर निर्भय हो गई तो अपने असली मुद्दों की बात करने लगेगी। अभी लोकसभा में बहुमत से दूर 240 पर सिमट जाने और यूपी में तो 80 में से केवल 33 पर रुक जाने के बाद भाजपा में खलबली मच गई। ऐसा नहीं है कि इस लोकसभा चुनाव में हिन्दू मुसलमान कुछ कम करा हो। बल्कि पिछले चुनावों से आगे बढ़कर किया। भैंस छीन लेंगे, मंगल सूत्र छीन लेंगे जैसा डर पैदा करने की कोशिश की गई। यूपी में बुलडोजर के सहारे लड़ा गया। अजान, नमाज, टोपी, तहमद जैसे मुद्दे उठाए। लेकिन नतीजा क्या हुआ? केन्द्र में जहां चार सौ पार के दावे कर रहे थे। वहां बहुमत के लिए भी कई पार्टियों का समर्थन लेना पड़ा। यूपी में तो सपा और कांग्रेस ने मिलकर 43 सीटें जीत लीं। और बीजेपी केवल 33 पर रह गई। जनता नफ़रत और विभाजन फैलाने के उद्देश्य को समझ गई। महंगाई बढ़ाई जाएगी, नौकरी नहीं दी जाएगी, सरकारी अस्पतालों को खत्म कर दिया जाएगा, सरकारी स्कूलों को भी। पांच किलो मुफ्त अनाज को बड़ा अहसान बताया जाएगा। गरीब को केवल उसी पर निर्भर कर दिया जाएगा। कोई काम धंधा नहीं, नौकरी रोजगार नहीं, उसके बच्चों का स्कूल, कापी पेंसिल, खुद उसकी, उसके बुजुर्ग मां बाप की दवा, इलाज का कोई इंतजाम नहीं। केवल पांच किलो अनाज लो और नफ़रती विभाजनकारी भाषणों को सुनकर बंटने कटने के काल्पनिक भय में जियो।प्रभाव कहीं नहीं हो रहा है।

लोकसभा के बाद हरियाणा में सरकार जरूर बना ली मगर वोट 11 परसेंट कांग्रेस का बढ़ा। बंटने कटने की बात करने के बावजूद भाजपा का वोट केवल 3 परसेंट बढ़ा। जीत भाजपा को अपने डर पैदा करने वाले अजेंडे की वजह से नहीं मिली बल्कि कांग्रेस के गुटबाज नेताओं द्वारा खुद ही माहौल खराब करने, मैं बनूंगा मुख्यमंत्री, की मूर्खतापूर्ण बहस और ईवीएम की वजह से मिली। कांग्रेस ने चुनाव आयोग में दस्तावेजों के आधार पर शिकायत दर्ज करवाई है कि 20 सीटों पर ईवीएम में गड़बड़ियां थीं। कांग्रेस के इस आरोप का जवाब चुनाव आयोग या उसकी तरफसे अभी तक जो भाजपा और मीडिया देते थे वे भी नहीं दे पाए हैं कि जिन मशीनों में वोटिंग हुई है वे 99 प्रतिशत तक चार्ज कैसे मिलीं? कोई भी मशीन अगर काम करती है। या रखी भी रहती है तो इसकी बैटरी कम होती जाती है। यहां 5 अक्टूबर को मतदान हुआ और 8 अक्टूबर को गिनती। तीन दिन बाद मशीन 99 प्रतिशत तक चार्ज! इसका क्या जवाब हो सकता है? इसीलिए मीडिया और भाजपा ने दिया नहीं और चुनाव आयोग को देना नहीं है। तो यह अलग मुद्दा है हरियाणा में बीजेपी की जीत का, मगर यहां यह जीत अब नफ़रत फैलाने से नहीं मिल रही है। तो क्या करें? जनहितकारी काम तो कुछ कर नहीं सकते। क्योंकि पूरी सोच जनविरोधी है। जनता को डरा कर नफ़रत के नशे में रखो। वह जनता नहीं प्रजा है। उसका काम है निष्ठा से अपने कर्तव्यों का पालन करना। शासक जिस हाल में रखे उसमें रहना और उसका शुक्रगुजार रहना क्यों कि यही प्रजा का काम है। याद नहीं? कोविड में क्या कहा था। ताली थाली बजवाई। दवा, आक्सिजन सिलेंडर, अस्पताल में बेड मरने के बाद श्मशान तक कुछ नहीं दिया, लोगों ने पुलों पर से शव फेंके, नदी में बहाए, रेत में दबा दिए। और संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा क्या, जो मरे वे मोक्ष को प्राप्त हो गए। सरकार ने अपनी जिम्मेदारी से इनकार कर दिया। कहा सिस्टम की गलती! सिस्टम क्या। एक अमूर्त चीज। कुछ भी मान लो। लेकिन कोरोना वैक्सिन सर्टिफिकेट पर अपना फोटो छपवाना नहीं भूले। मोदी जी के फोटो सबके घरों में पहुंच गए। एक एक आदमी के पास दो या तीन सर्टिफिकेट। मतलब उतने ही फोटो। लेकिन अब हार्ट अटैक से मौतें हो रही हैं। युवा किशोर खड़े खड़े गिर कर मर रहे हैं। डाक्टर वैक्सिन को दोषी बता रहे हैं। मगर कोई जांच शोध नहीं। वैक्सिन बनाने वाली कंपनियों ने बेहिसाब पैसा बना लिया। लंदन में सबसे महंगी प्रापर्टी खरीद ली। यहां इलेक्टोरल बांड के जरिए बीजेपी को खूब पैसा दे दिया। आज कोई वैक्सिन कंपनियों से सवाल करने वाला नहीं है। प्रजा पर ऐसे प्रयोग होते रहते हैं। पहले दवा वैक्सिन के प्रयोग जानवरों पर होते थे। क्यों जनता होती थी उसे इंसान माना जाता था। नेता तो जनता जनार्दन यानि भगवान भी कहते थे मगर अब उसका वह दर्जा खत्म हो गया। उसका काम अब केवल डरना और डराने वालों को वोट देना रह गया है। मगर ऐसा होगा क्या? मानव जाति का इतिहास तो बताता है कि इंसान ने हमेशा डर पर जीत हासिल की है। राहुल गांधी ने नारा ही यह दिया है– डरो मत! मतलब अब सीधे सीधे देश दो स्पष्ट मुद्दों पर आ गया है।

# अखिलेश यादव की चमक 2024 के लोकसभा चुनाव से भी ज्यादा

**डॉ. ज्ञान पाठक**

> पहला आरोप राज्य भाजपा में उनके विरोधी समूह पर लक्षित था, और दूसरा आरोप केंद्रीय भाजपा नेतृत्व पर लक्षित था। अब उपचुनाव आ गये हैं, और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को चुनाव प्रचार के प्रबंधन और पार्टी टिकट देने में पूरी छूट दे दी गयी है। इसलिए 13 नवंबर को होने वाले उपचुनाव का परिणाम योगी आदित्यनाथ के राजनीतिक भाग्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण होगा। भाजपा 9 में से 8 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, जबकि एक सीट एनडीए की सहयोगी राष्ट्रीय लोक दल (आरएलडी) को दी गयी है। कुंदरकी से रामवीर सिंह ठाकुर, गाजियाबाद से संजीव शर्मा, खैर (एससी) से सुरेंद्र दिलेर, करहल से अनुजेश यादव, फूलपुर से दीपक पटेल, कटेहरी से धर्मराज निषाद, मझवां से सुचिस्मिता मौर्य और सीसामऊ से सुरेश अवस्थी को टिकट दिया गया है।


उत्तर प्रदेश में सभी 9 विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनावों के लिए एनडीए और इंडिया ब्लॉक के उम्मीदवारों की घोषणा के साथ, अब चुनावी रणभूमि में मुख्य प्रतियोगियों को देखा जा सकता है, और उनकी संबंधित ताकत और कमजोरियों का आकलन भी किया जा सकता है, जिसकी सफलता या विफलता योगी आदित्यनाथ के भाग्य का फैसला कर सकती है - उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में, और साथ ही भाजपा के भावी प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में भी। लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा को मिली अपमानजनक हार के बाद, योगी आदित्यनाथ को प्रदेश भाजपा के कुछ प्रमुख नेताओं से विद्रोह का सामना करना पड़ रहा है, जो विफलता के लिए उन्हें बलि का बकरा बनाने की मांग कर रहे थे। हालांकि, योगी आदित्यनाथ ने उन पर अपना प्रभुत्व साबित कर दिया, जिन्हें अप्रत्यक्ष रूप से कुछ केंद्रीय भाजपा नेताओं का समर्थन प्राप्त था। भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने तब कहा था कि उपचुनाव खत्म होने तक श्कोई बदलावश् नहीं किया जायेगा। उन्होंने वास्तव में केंद्रीय भाजपा की मंशा को ही उजागर दिया था कि अगर योगी आदित्यनाथ को उम्मीदवारों का चयन करने और अपने तरीके से प्रचार करने की खुली छूट दी जाये तो यह स्पष्ट होगा कि वे उपचुनावों में क्या कर सकते हैं और तब उनकी ताकत का अंदाजा लग जायेगा। यह भी याद रखने लायक है कि योगी आदित्यनाथ ने लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा की हार के लिए श्पार्टी नेताओं के अति आत्मविश्वासश् और अलोकप्रिय उम्मीदवारों को बार-बार खड़ा करने को जिम्मेदार ठहराया था। पहला आरोप राज्य भाजपा में उनके विरोधी समूह पर लक्षित था, और दूसरा आरोप केंद्रीय भाजपा नेतृत्व पर लक्षित था। अब उपचुनाव आ गये हैं, और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को चुनाव प्रचार के प्रबंधन और पार्टी टिकट देने में पूरी छूट दे दी गयी है। इसलिए 13 नवंबर को होने वाले उपचुनाव का परिणाम योगी आदित्यनाथ के राजनीतिक भाग्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण होगा। भाजपा 9 में से 8 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, जबकि एक सीट एनडीए की सहयोगी राष्ट्रीय लोक दल (आरएलडी) को दी गयी है। कुंदरकी से रामवीर सिंह ठाकुर, गाजियाबाद से संजीव शर्मा, खैर (एससी) से सुरेंद्र दिलेर, करहल से अनुजेश यादव, फूलपुर से दीपक पटेल, कटेहरी से धर्मराज निषाद, मझवां से सुचिस्मिता मौर्य और सीसामऊ से सुरेश अवस्थी को टिकट दिया गया है। इनमें से फूलपुर, गाजियाबाद और खैर पर भाजपा ने 2022 के चुनाव में जीत दर्ज की थी, जबकि मझवां पर एनडीए की सहयोगी निषाद पार्टी ने जीत दर्ज की थी। चूंकि भाजपा इन सीटों पर चुनाव लड़ रही है, इसलिए पार्टी इन सीटों को बरकरार रखने के लिए समाजवादी पार्टी के उम्मीदवारों की कड़ी टक्कर का सामना कर रही है। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव 2024 के लोकसभा चुनाव से ही उभरते सितारे हैं, इन सीटों पर भी उनके कार्यकर्ताओं का मनोबल काफी ऊंचा दिख रहा है, जो इन सीटों को भाजपा से छीनने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। एनडीए में भाजपा की सहयोगी रालोद की बात करें तो उसने मीरापुर से मिथिलेश पाल को मैदान में उतारा है। 2022



के विधानसभा आम चुनाव में भी रालोद ने इस विधानसभा सीट पर जीत दर्ज की थी। यह सीट मौजूदा विधायक चंदन चौहान के लोकसभा में निर्वाचित होने के बाद खाली हुई थी। मीरापुर ही नहीं, बल्कि 13 नवंबर को जिन 8 विधानसभाओं में उपचुनाव होने हैं, वहां मौजूदा विधायकों के लोकसभा में निर्वाचित होने और सीट खाली होने के कारण उपचुनाव जरूरी हो गये हैं। समाजवादी पार्टी के विधायक इरफान सोलंकी को आपराधिक मामले में दोषी ठहराये जाने तथा अयोग्य घोषित किये जाने के कारण सीसामऊ सीट पर उपचुनाव जरूरी हो गया है। भारत के निर्वाचन आयोग ने अदालती मुकदमे के कारण मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए उपचुनाव की घोषणा नहीं की। विपक्षी समाजवादी पार्टी ने सभी 9 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है और कांग्रेस चुनाव नहीं लड़ रही है। इंडिया ब्लॉक के प्रमुख घटक के रूप में कांग्रेस सिर्फ समाजवादी पार्टी के उम्मीदवारों का समर्थन कर रही है। इसलिए, यह स्पष्ट है कि कोई भी नुकसान या लाभ समाजवादी पार्टी और उसके सुप्रीमो अखिलेश यादव का सीधा नुकसान या लाभ होगा। समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार हैं - करहल से तेज प्रताप यादव, सीसामऊ से नसीम सोलंकी, फूलपुर से मुस्तफा सिद्दीकी, कटेहरी से शोभावती वर्मा, मझवां से ज्योति बिंद, मेरापुर से सुम्बुल राणा, गाजियाबाद से सिंह राज जाटव, खैर से चारूकैन और कुंदरकी से मोहम्मद रिजवान। उपचुनाव वाली 9 सीटों में से चार - सीसामऊ, कटेहर, करहल और कुंदरकी - 2022 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने जीती थीं। इसलिए, इन चार सीटों को बरकरार रखना समाजवादी पार्टी और इंडिया ब्लॉक के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इतना ही नहीं, एनडीए सहयोगियों के पास मौजूद अन्य 5 सीटों में से कोई भी जीतना समाजवादी पार्टी और इंडिया ब्लॉक के और उभार का संकेत होगा। इसके विपरीत, भाजपा को न केवल 2022 में जीती गयी अपनी 3 सीटों को बरकरार रखना है, बल्कि उसे अपनी सहयोगी निषाद पार्टी द्वारा जीती गयी सीट को भी बरकरार रखना है, जिस पर अब भाजपा चुनाव लड़ रही है। इन सीटों पर किसी भी तरह की हार उत्तर प्रदेश में भाजपा की राजनीतिक यात्रा को और नीचे ले जाने का संकेत होगी। भाजपा को न केवल इन सीटों पर जीत हासिल करनी है, बल्कि समाजवादी पार्टी की चार मौजूदा सीटों को भी छीनना है, ताकि यह साबित हो सके कि भाजपा ने अपनी खोई जमीन वापस पा ली है। हालांकि, भाजपा के लिए समस्या यह है कि भाजपा के भीतर योगी आदित्यनाथ के विरोधी अभी भी सक्रिय हैं, क्योंकि वे इन उपचुनावों को उत्तर प्रदेश और भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व में योगी की राजनीतिक हैसियत को कम करने के अवसर के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि, अगर योगी चार सीटों को बरकरार रखने में सफल हो जाते हैं और आरएलडी को एकमात्र सीट जीतने में मदद करते हैं, तो वह भाजपा में एक अप्रतिरोध्य ताकत के रूप में फिर से उभरेंगे और भविष्य के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में पीएम नरेंद्र मोदी के प्रभाव के लिए खतरा बन जायेंगे।

# धमकियों की उड़ान

यह सवाल हर भारतीय को परेशान कर रहा है कि भारतीय एयरलाइन्स के जहाजों को लेकर दी जा रही धमकियों की यह बाढ़ सी क्यों आ रही है? आखिर फ्लाइट्स को डिजिटली धमकी देने वालों तक हमारा खुफिया तंत्र क्यों नहीं पहुंच पा रहा है? बार–बार मिलने वाली फर्जी धमकियों से जहां इन विमानन कंपनियों को आर्थिक नुकसान हो रहा है, वहीं यात्रियों को उड़ान में देरी व सुरक्षा जांच के चलते भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विमानन कंपनियों के आर्थिक नुकसान व यात्रियों पर मानसिक दबाव के मद्देनजर जो तत्परता सरकार की तरफसे दिखायी जानी चाहिए थी,वो नजर नहीं आ रही है। इस घटनाक्रम से आम यात्रियों में हवाई यात्रा को लेकर असुरक्षाबोध पैदा हो रहा है। हालांकि, अधिकांश धमकियां फर्जी ही निकली हैं, लेकिन इन अपराधियों तक पहुंचना जरूरी है। चिंता यह भी कि यदि भविष्य में किसी आतंकी साजिश के प्रति कोई वास्तविक सचेतक सूचना भी आएगी तो संभव है, उसे गंभीरता से न लिया जाए। अतरू हर स्तर पर सावधानी बरती जानी जरूरी है। वहीं ऐसी हरकत करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफसख्त कार्रवाई करने की जरूरत है। इस तरह लगातार मिल रही धमकियों की वजह से निरंतर फ्लाइट्स देर से



उड़ान भर रही हैं, यात्री और उनके परिजन परेशान हो रहे हैं। विमानन कंपनियों को अपनी फ्लाइट कैंसिल करनी पड़ रही हैं। ऊपरी तौर पर ऐसे घटनाक्रम का आर्थिक नुकसान विमानन कंपनियों को हो रहा है, लेकिन बाद में उसका असर आखिर यत्रियों की जेब पर ही पड़ना स्वाभाविक है। कुल मिलाकर नुकसान देश का ही है। लेकिन सरकार की तरफसे ऐसा संकेत नहीं मिल रहा है कि इससे निपटने के लिये कोई बड़ी व कड़ी कार्रवाई की जा रही है। कमोबेश ऐसी ही स्थिति ट्रेनों के मार्ग पर लगातार अवरोधक लगाने की घटनाओं से भी सामने आई है। जिसके सामने तंत्र लाचार नजर आता है। सरकार को समझना चाहिए कि ऐसे अफरा–तफरी के माहौल से विमानन कंपनियों की सेवा व सुरक्षा व्यवस्था के प्रति लोगों में अविश्वास पैदा होता है। वास्तव में होना तो यह चाहिए कि हमारी सुरक्षा व्यवस्था इतनी चाक–चौबंद हो कि ऐसी फर्जी धमकियों पर विचलित होने के बजाय उड़ानों का संचालन सहज ढंग से हो सके। कहीं न कहीं हमारे तंत्र में आत्मविश्वास की कमी की वजह से भी ऐसी अफरा–तफरी मचती है।

हमारा सुरक्षा तंत्र इतना लचर भी नहीं होना चाहिए कि एक फर्जी धमकी से हम भयभीत हो जाएं। किसी भी स्तर पर लापरवाही की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। देखना यह भी जरूरी है कि फर्जी धमकी देने वाले सुरक्षित कैसे बच रहे हैं। लगातार विस्तार पाती डिजिटल दुनिया में होने वाले साइबर अपराधों की तह तक पहुंचने वाला हमारा तंत्र कमजोर क्यों नजर आ रहा है। क्यों हम धमकी भेजने वाले के ई–मेल पते को ट्रेस नहीं कर पा रहे हैं। आधुनिक तकनीक से डिजिटल निगरानी को वक्त की जरूरतों के हिसाब से तैयार किया जाना चाहिए।

# बहुत खास हैं खरगे के 2 साल

> जिस पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने शनिवार को कतारबद्ध होकर खरगे को बधाइयां दीं, उस दल ने अपने 140 वर्षों के प्रदीर्घ इतिहास में अनेक महान अध्यक्षों को देखा है, और उनके नेतृत्व में न केवल देश को औपनिवेशिक गुलामी से आजाद कराया है बल्कि देश को फर्श से अर्श तक पहुंचाया है। अलग-अलग परिस्थितियों में कांग्रेस के विभिन्न अध्यक्षों ने पार्टी की सेवा की है। फिर भी पिछले कई वर्षों से ऐसा कोई वाकया याद नहीं पड़ता कि किसी का एक या दो साल पूरा होना यूं मनाया गया हो। संगठन ने पार्टी के सबसे वयोवृद्ध परन्तु किसी भी युवा नेता की बराबरी की सक्रियता के साथ पार्टी की कमान सम्हालने वाले खरगे के ये दो वर्ष अनेक मायनों में महत्वपूर्ण रहे हैं, जिस दौरान उनकी भूमिका उतनी ही रेखांकित किये जाने के योग्य है।

सामान्यतः किसी प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, मेयर आदि के कार्यकाल की वर्षगांठ को देखने के तो लोग आदी हैं परन्तु यदि किसी राजनीतिक संगठन का प्रमुख बनने के दो साल पूरा करने पर दल के कार्यकर्ताओं और जनसाधारण में खुशी हो तो मानकर चलना चाहिये इसके पीछे कोई खास वजह तो होगी ही, ऐसा व्यक्ति भी कुछ विशेष ही होना चाहिये। देश की सबसे पुरानी और स्वतंत्रता आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाने वाली कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में दो वर्ष पूरा करने पर यदि सभी एक स्वर से मल्लिकार्जुन खरगे को बधाइयां दे रहे हैं तो वह सिर्फ सांगठनिक शिष्टाचार के बदौलत नहीं वरन यह इस दौरान उनकी निभाई भूमिका एवं नेतृत्व कौशल की सराहना के रूप में कहा जा रहा है।

जिस पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने शनिवार को कतारबद्ध होकर खरगे को बधाइयां दीं, उस दल ने अपने 140 वर्षों के प्रदीर्घ इतिहास में अनेक महान अध्यक्षों को देखा है, और उनके नेतृत्व में न केवल देश को औपनिवेशिक गुलामी से आजाद कराया है बल्कि देश को फर्श से अर्श तक पहुंचाया है। अलग–अलग परिस्थितियों में कांग्रेस के विभिन्न अध्यक्षों ने पार्टी की सेवा की है। फिर भी पिछले कई वर्षों से ऐसा कोई वाकया याद नहीं पड़ता कि किसी का एक या दो साल पूरा होना यूं मनाया गया हो। संगठन ने पार्टी के सबसे वयोवृद्ध परन्तु किसी भी युवा नेता की बराबरी की सक्रियता के साथ पार्टी की कमान सम्हालने वाले खरगे के ये दो वर्ष अनेक मायनों में महत्वपूर्ण रहे हैं, जिस दौरान उनकी भूमिका



उतनी ही रेखांकित किये जाने के योग्य है। पार्टी में आंतरिक चुनाव के जरिये शशि थरूर को हराकर खरगे 26 अक्टूबर 2022 को इस पद पर आसीन हुए थे। जब खरगे ने कांग्रेसाध्यक्ष का पद सम्हाला था, उसके करीब डेढ़ माह पहले राहुल गांधी अपनी ऐतिहासिक भारत जोड़ो यात्रा प्रारम्भ कर चुके थे। 7 सितम्बर, 2022 को कन्याकुमारी से निकलकर 30 जनवरी 2023 को श्रीनगर में पहुंचकर समाप्त हुए इस पैदल मार्च का आयोजन करने वाले संगठन के कार्यकर्ताओं को ऐसा अध्यक्ष चाहिये था जो चाहे राहुल की तरह 3600 किलोमीटर पैदल न चले (जो सबके बस की बात भी नहीं है), परन्तु एक समानातंर ऊर्जा के साथ संगठन को नेतृत्व प्रदान कर सके। शशि थरूर की सवर्ण पारिवारिक पृष्ठभूमि एवं अभिजात्य जीवन शैली के ठीक विपरीत एक बहुत ही कष्टप्रद सामाजिक व्यवस्था को पराजित कर पार्टी के शीर्ष नेताओं की कतार में बैठने के पीछे खरगे का छह दशकों से अधिक का समर्पण एवं कर्मठता थी।

इस दौरान कांग्रेस के तमाम उतार–चढ़ावों में पार्टी नेतृत्व के साथ पूरी निष्ठा के साथ खड़े रहने वाले खरगे का जब निर्वाचन हुआ तो कई आश्चर्यचकित थे, तो कई निराश। अधिकतर यह भी मानकर चल रहे थे कि वे शायद ही लम्बे समय तक इस पद पर बने रहेंगे और देर–सबेर गांधी परिवार के ही किसी सदस्य (पहले के कुछ दृष्टांतों के अनुरूप) को इस पद को सम्हालने के लिये आगे बढ़ना पड़ेगा। यह वह वक्त था जब अपनी क्षमता तथा उपलब्ध शक्ति के अनुरूप पार्टी को चलाने के बाद स्वास्थ्यगत कारणों से सोनिया गांधी यह पद छोड़ने की इच्छा जता चुकी थी और दूसरी पसंद राहुल दोबारा अध्यक्ष पद सम्हालना नहीं चाहते थे। वे पहले यह पद 2019 में छोड़ चुके थे जब उनका दल लोकसभा में ऐतिहासिक गिरावट के साथ केवल 44 सीटें पाकर सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी के नियमित मखौल का पात्र बनकर रह गया था। अध्यक्ष पद के लिये गांधी परिवार की पसंद खरगे ही थे। उन्होंने कांग्रेस तथा देश को निराश नहीं किया। यही वह कालखंड था जब कांग्रेस बाहरी हमलों के अलावा भीतरघात से भी बेतरह जूझ रही थी। ऑपरेशन लोटस के तहत कांग्रेस के सैकड़ों नेता, विधायक, सांसद आदि पैसे की लालच में या जांच एजेंसियों के डर से भाजपा में समाते जा रहे थे। पार्टी के भीतर जी 23 जैसी कारगुजारियां हो रही थीं जो पार्टी की भीतरी दीवारों को कमजोर करती चली गयीं। ऐसा नहीं कि यह सिलसिला अब थम गया हो। इन तूफानी झटकों के बीच पार्टी रूपी जहाज के मस्तूल को खरगे ने मजबूती से थामे रखा। लोगों को अपने सिद्धातों के प्रति अडिग रहने की प्रेरणा दी। उन्हें लड़ना सिखाया और कांग्रेस को नया कलेवर चढ़ाने में राहुल को किसी अभिभावक या अध्यक्ष से भी बढ़कर सहयोगी के रूप में मदद की। आज वे दल के तमाम तरह के भीतरी मतभेदों, अंतर्विरोधों एवं प्रतिस्पर्धाओं को खत्म कर उसे मजबूती देने का काम कर रहे हैं। राहुल का प्रभाव तो अपनी जगह पर है ही, यह कहना कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि लगातार छीजती, बार–बार पराजित होती कांग्रेस को तेलंगाना, कर्नाटक, जम्मू–कश्मीर आदि राज्यों के विधानसभा चुनावों में जो जीतें हासिल हुई हैं ।

## लखनऊ के पैरा शटलर अबू हुबैदा ने जीते दो कांस्य

**लखनऊ।** जापान ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप में लखनऊ के पैरा शटलर अबू हुबैदा ने दो कांस्य पदक अपने नाम किए। उन्होंने पुरुष युगल में प्रेम कुमार आले के साथ और मिश्रित युगल में स्विट्जरलैंड की सिथिया माथेज के साथ कांस्य पदक हासिल किए। अबू ने लंबे समय के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर की किसी प्रतियोगिता में एक साथ दो पदक जीतने में कामयाबी हासिल की। अबू अब अगले महीने बहरीन में होने वाली पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप उतरेंगे। यहां पर उनका लक्ष्य स्वर्ण पदक जीतना है। इसके लिए वे कड़ी तैयारी कर रहे हैं। यह प्रतियोगिता दिसंबर माह में खेली जाएगी। अबू ने बताया कि जापान ओपन में मिली सफलता अपने दादा को समर्पित की, जिनका लंबी बीमारी के चलते बीते 14 अक्टूबर को निधन हो गया था। भारतीय पैरा बैडमिंटन टीम के चीफ कोच और पदमश्री अवॉर्डी गौरव खन्ना ने बताया कि जापान ओपन में भारतीय शटलरों ने कमाल का प्रदर्शन करते हुए छह स्वर्ण, नौ रजत और नौ कांस्य पदक जीते।

# लिवरपूल ने आर्सेनल को बराबरी पर रोका, मैनचेस्टर यूनाइटेड की एक और हार

एजेंसी

**लंदन।** स्टार स्ट्राइकर मोहम्मद सलाह के शानदार खेल की मदद से लिवरपूल ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल प्रतियोगिता के मैच में दो बार पिछड़ने के बाद अच्छी वापसी करके आर्सेनल को 2-2 से बराबरी पर रोका। मैच के अंतिम क्षणों में जब लिवरपूल जब पीछे चल रहा था तब सलाह ने 81वें मिनट में दूसरा बराबरी का गोल किया। लिवरपूल ने इस तरह से अपना शानदार अभियान जारी रखा।

आर्ने स्लॉट के मुख्य कोच बनने के बाद लिवरपूल में इस सत्र में जो 13 मैच खेले हैं उनमें से उसे केवल एक मैच में हार का सामना करना पड़ा। उसके



प्रीमियर लीग में अब नौ मैच में 22 अंक हो गए हैं और वह शीर्ष पर काबिज मैनचेस्टर सिटी से केवल एक अंक पीछे है। मैनचेस्टर युनाइटेड के साथ कुछ भी अच्छा नहीं चल रहा है और उसे वेस्ट हैम से 2-1 से हार का सामना करना पड़ा। जब खेल खत्म होने में कुछ मिनट का खेल बचा था तब वीडियो समीक्षा प्रणाली से वेस्ट हैम को पेनल्टी मिली जिसे जारोड बोवेन ने गोल में बदलने में कोई गलती नहीं की। अन्य मैचों में चेल्सी नै न्यूकैसल को 2-1 से जबकि क्रिस्टल पैलेस ने टोटेनहम को 1-0 से हराया।

एटलेटिको मैड्रिड को स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट ला लिगा में आत्मघाती गोल के कारण रियाल बेटिस से 1-0 से हार का सामना करना पड़ा। मैच समाप्त होने में जब पांच मिनट से भी कम समय बचा था तब डिफेंडर जोस मारिया जिमेनेज के आत्मघाती गोल ने एटलेटिको की लगातार दूसरी हार तय कर दी। एटलेटिको मैड्रिड सभी प्रतियोगिताओं में पिछले छह मैचों में केवल एक मैच जीत पाया है। उसने पिछले सप्ताहांत स्पेनिश लीग में लेगानेस को 3-1 से हराया था। इससे पहले उसने घरेलू मैदान पर रियाल मैड्रिड और रियाल सोसिदाद के खिलाफ ड्रॉ खेला था जबकि चैंपियंस लीग में बेनफिका से उसे 4-1 से हार मिली थी। ला लिगा में एटलेटिको शीर्ष पर चल रहे बार्सिलोना से 10 अंक पीछे है। अन्य मैचों में छठे स्थान पर मौजूद ओसासुना ने रियाल सोसिदाद पर 2-0 से और लेगानेस ने सेल्टा विगो पर 3-0 से जीत दर्ज की।

## करियर के आखिरी कुछ वर्षों में मैं जो भी क्रिकेट खेल रहा हूं, उसका लुत्फ उठाना चाहता हूं: धोनी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत और चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने आईपीएल 2025 में खेल जारी रखने का संकेत देते हुए कहा कि वह खिलाड़ी के तौर पर अपने आखिरी कुछ वर्षों में जो भी क्रिकेट खेल रहे हैं उसका लुत्फ उठाना चाहते हैं। धोनी ने पिछले सत्र में रुतुराज गायकवाड़ को कप्तानी सौंपने के बाद काफी निचले क्रम में बल्लेबाजी की थी। इससे उनके भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जाने लगी थी। आईपीएल में सभी फ्रेंचाइजी को मेगा नीलामी से पहले 31 अक्टूबर तक अपने रिटेन किए गए खिलाड़ियों की सूची जमा करनी होगी। इस साल सीएसके द्वारा धोनी को एक अनकैप्ड खिलाड़ी के रूप में बरकरार रखा जा सकता है।

ईएसपीएनक्रिकइन्फो की रविवार की रिपोर्ट के मुताबिक धोनी ने गोवा में कुछ दिन पहले आयोजित एक प्रचार कार्यक्रम में कहा, ''मैं अपने आखिरी कुछ वर्षों में जो भी क्रिकेट खेल सका हूं उसका आनंद लेना चाहता हूं।'' उन्होंने कहा, ''मैं खेल का वैसे ही आनंद लेना चाहता हूं जैसे कि बचपन में हम शाम चार बजे बाहर जाते थे और खेलते थे, बस खेल का आनंद लेते थे। जब आप खेल को पेशेवर तौर पर खेलते हैं तो कई बार उसका लुत्फ उठाना मुश्किल हो जाता है। मैं जो भी करता हूं उसमें भावनाएं और प्रतिबद्धताएं जुड़ी होती हैं, लेकिन मैं अगले कुछ वर्षों तक खेल का आनंद लेना चाहता हूँ। पिछले सप्ताह चेन्नई सुपरकिंग्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कासी विश्वनाथन ने भी कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि धोनी आगामी सत्र में खिलाड़ी के तौर पर टीम का हिस्सा होंगे। धोनी ने 2023 में बाएं घुटने की सर्जरी कराने के बाद 2024 के आईपीएल सत्र के दौरान निचले क्रम में बल्लेबाजी की। भारत के पूर्व कप्तान ने बताया कि यह निर्णय मुख्य रूप से टी20 विश्व कप से पहले युवा भारतीय खिलाड़ियों को मैदान में समय बिताने का मौका देने के लिए किया गया था। धोनी ने कहा, ''मेरी सोच सरल थी, अगर अन्य लोग अपना काम अच्छा कर रहे हैं तो मुझे ऊपरी क्रम में आने की जरूरत क्यों है। उन्होंने कहा, ''अगर आप विशेष रूप से पिछले साल (सत्र) के बारे में बात कर रहे हैं, तो टी20 विश्व कप टीम की घोषणा जल्द ही होने वाली थी। इसलिए हमें उन लोगों को मौका देना होगा राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने की दौड़ में थे।'' भारत के इस पूर्व कप्तान ने कहा, ''हमारी टीम (सीएसके) में (रविंद्र) जडेजा और शिवम दुबे जैसे खिलाड़ी थे जिन्हें भारतीय टीम में आने के लिए खुद को साबित करने का मौके चाहिये थे। मेरे लिए इसमें कुछ भी नहीं था, कोई चयन नहीं और अन्य चीजें। इसलिए मैं (निचले क्रम में खेलते हुए) अच्छा हूं और मैं जो कर रहा था उससे मेरी टीम खुश थी।



## बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में टेस्ट पदार्पण के लिए जोश इंग्लिस योजना में शामिल

### मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने दिया संकेत

एजेंसी

**सिडनी।** मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने सोमवार को संकेत दिया कि फॉर्म में चल रहे ऑस्ट्रेलिया के सफेद गेंद के विकेटकीपर-बल्लेबाज जोश इंग्लिस अगले महीने होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में बतौर विशेषज्ञ बल्लेबाज टेस्ट पदार्पण करने की योजना में शामिल हैं। भारत 21 नवंबर से पर्थ में शुरू हो रही पांच टेस्ट की श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगा जिसे पिछले चार मौकों पर हार का सामना नहीं करना पड़ा है। बेली ने पत्रकारों से कहा, ''इसमें कोई शक नहीं है कि इस समय वह वाकई शानदार फॉर्म में है। मुझे लगता है कि वह बल्लेबाज के तौर पर जिस तरह से प्रदर्शन कर रहे हैं, उसे देखते हुए वह साल में विभिन्न श्रृंखलाओं में शामिल हो सकते हैं।'' उन्होंने कहा, ''अगर गर्मियों में पूरे वर्ष सही मौका मिलता है और वह जिस स्थान पर प्रदर्शन करने के लिए सबसे ज्यादा उपयुक्त हैं, मुझे लगता है कि उसे शामिल किया जा सकता है। इंग्लिश (29 वर्ष) वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय में ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर हैं, उन्होंने पिछले सात शेफील्ड शील्ड मैच में चार शतक जड़े हैं। लेकिन ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट विकेटकीपर एलेक्स कैरी शानदार फॉर्म में हैं और इंग्लिस एक विशेषज्ञ मध्यक्रम बल्लेबाज के तौर पर उभरे हैं।



## टर्निंग पिचों पर खेलने से हमारे बल्लेबाजों का आत्मविश्वास प्रभावित हुआ है: हरभजन

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह का मानना है कि भारत के स्टार बल्लेबाजों ने पिछले कुछ वर्षों में टर्निंग (स्पिनरों की मददगार) पिचों पर खेलने से अपना आत्मविश्वास खो दिया है जिससे उनके घरेलू औसत में गिरावट आई है और उनके करियर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। भारत 12 वर्षों में अपनी पहली टेस्ट श्रृंखला हार गया। न्यूजीलैंड के खिलाफ पुणे की टर्निंग पिच पर भारत ने महत्वपूर्ण टॉस गंवा दिया और इसके बाद टीम 156 और 245 रन ही बना सकी। इसमें न्यूजीलैंड के मुख्य स्पिनर मिशेल सैंटनर ने 13 विकेट लिए। हरभजन ने पीटीआई से कहा, ''आपका घरेलू मैदान पर इतने लंबे समय तक शानदार रिकॉर्ड रहा है और अगर आप हार जाते हैं तो जाहिर है कि चर्चा होगी। न्यूजीलैंड जिस तरह से खेला, उसे उसका श्रेय जाता है और ये विदेशी परिस्थितियां थीं और ऐसी पिच भी नहीं थी जिसमें ज्यादा दरार हो।'' उन्होंने कहा, ''यह स्पिनरों के लिए अनुकूल परिस्थितियां थीं, जहां गेंद को पहले घंटे से ही टर्न लेना चाहिए था। उन्होंने भारतीय टीम की सोचने की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा, ''पिछले दशकों के दौरान के चलन को देखें। हम पिछले दशक में ज्यादातर टर्नर पर इस उम्मीद के साथ खेल रहे हैं कि हम टॉस जीतेंगे और 300 रन बनाएंगे और मैच पर नियंत्रत करेंगे।'' उन्होंने कहा, ''लेकिन हम नहीं जानते कि पासा उलटा पड़ जायेगा और टर्निंग पिच पर हमारे बल्लेबाजी चलेगी या नहीं। हमारे बल्लेबाजों ने इन पिचों पर खेलते हुए आत्मविश्वास खो दिया है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण अजिंक्य रहाणे हैं जो एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं। इस तरह की पिचों के कारण उनका करियर प्रभावित हुआ।



## कोच हैदर की याद में होगी तैराकी की प्रतियोगिता

**लखनऊ।** केडी सिंह बाबू स्टेडियम में रविवार को तैराकी और गोताखोरी के कोच मोहम्मद हैदर के निधन पर शोक सभा आयोजित की गई। इस मौके पर सभी ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही यह भी तय किया किया गया कि हैदर साहब की याद में हर साल जूनियर वर्ग की तैराकी और गोताखोरी की प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। श्रद्धांजलि सभा में जुटे लोगों ने कहा कि हैदर साहब शानदार कोच थे । उन्होंने लखनऊ में करीब हजार से ज्यादा लोगों को तैराकी सिखाई। कीर्ति मिश्र, उमेश निषाद, आदित्य मिश्रा, पुष्प मिश्र, नरेंद्र सिंह चौहान जैसे सैकड़ों राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय गोताखोर और तैराक तैयार किए। सभा में मोहम्मद हैदर के साथ बिताए गए पलों को साझा करते हुए कई खिलाड़ी भावुक भी हुये। सभा में अंतरराष्ट्रीय गोताखोर कीर्ति मिश्र, लक्ष्मण अवार्डी उमेश निषाद, उदित मिश्र, संदीप मिश्रा, सचिन त्रिपाठी, एडीएम डॉ. सृष्टि धवन, डॉ. रश्मि धवन, नरेंद्र सिंह चौहान और सुधा बाजपेई, कोच नीरज मिश्रा, राष्ट्रीय तैराक विनय बोस, टेनिस एसोसिएश के सचिव पुनीत अग्रवाल सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

## बॉबकार्ड की त्योहारी पेशकश

**नयी दिल्ली।** त्योहारों के मद्देनजर बॉबकार्ड लिमिटेड ने ऑनलाइन मार्केटप्लेसों अमेजन, फ्लिपकार्ट, रिलायंस डिजिटल, क्रोमा और मेलोरा आदि पर खरीद के लिए विशेष पेशकश की है जिसके माध्यम से 45 हजार रुपये तक की बचत की जा सकती है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि लोकप्रिय ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों परआकर्षक ऑफ़र्स और डील्स की घोषणा की गयी है। इन प्लेटफॉर्मों पर मोबाइल फोन, लैपटॉप, वॉशिंग मशीन, एयर कंडीशनर, माइक्रोवेव, फैशन और ब्यूटी उत्पाद, ग्रॉसरी या फर्नीचर खरीदने के लिए यह पेशकश की गयी है। कंपनी ने शॉंपिग अभियान के तहत प्रमुख रिटेलरों के साथ साझेदारी की है, ताकि कार्डधारकों को आकर्षक डील्स मिल सकें।

# फैमिली दिवाली किडज़ानियावाली की पेशकश

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** एडुटेनमेंट के सबसे अच्छे डेस्टिनेशन किडज़ानिया परिवारों को एकजुट होकर 'फैमिली दिवाली किडज़ानियावाली' मनाने की पेशकश की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि मन में नई उमंग जगाने वाला यह सांस्कृतिक आयोजन 10 नवंबर तक जारी रहेगा, जिसमें दिवाली की समृद्ध विरासत और परंपराओं की झलक दिखाई देगी। खुशहाली और सांस्कृतिक उत्सव में कला, संस्कृति और मनोरंजन की जुगलबंदी का अनुभव हर उम्र के आगंतुकों के लिए आनंदित करने वाला होगा। इस साल के आयोजन में एकजुट होकर त्यौहार मनाने की सादगी-भरी खुशी पर विशेष ध्यान दिया गया है, जहाँ



परिवार के सदस्य साथ मिलकर दिवाली के सांस्कृतिक उत्सव का भरपूर आनंद ले सकते हैं। इस साल के आयोजन में कला के पारंपरिक रूपों के माध्यम से भारत की समृद्ध क्षेत्रीय विविधता को दर्शाया गया है, जो सभी के आकर्षण का केंद्र है। इस आयोजन में गोंड और वर्ली कला के जटिल डिजाइनों से लेकर कलमकारी और कालीघाट पेंटिंग की रंग-बिरंगी चित्रकला को शामिल किया गया है, जिसमें उत्तर, पूर्व, दक्षिण और पश्चिम भारत की बिल्कुल अनोखी कला शैलियों के मूल भावों को प्रदर्शित किया जाएगा। किडज़ानिया मुंबई के मार्केटिंग प्रमुख हसमुख गोरावा ने कहा, दिवाली का त्यौहार सिर्फ़ जगमगाती रोशनी और भव्यता से कहीं बढ़कर है; सही मायने में इसका नाता एकजुटता की भावना और साथ मिलकर मनाई जाने वाली खुशियों से है। इस साल, हमने फैमिली दिवाली किडज़ानियावाली के साथ मौज-मस्ती के अलावा कुछ सीखने और विभिन्न संस्कृतियों के प्रति सम्मान जताने वाली गतिविधियाँ तैयार की हैं। इस तरह एक ऐसा माहौल तैयार होता है, जहाँ बच्चों के साथ-साथ बड़े भी त्यौहार की समृद्ध परंपराओं से सार्थक रूप से जुड़ सकते हैं। पूरे भारत, यानी उत्तर, पूर्व, दक्षिण और पश्चिम की कला के पारंपरिक रूपों को सामने लाकर अपने देश की विविधता का उत्सव मनाना और परिवारों को सांस्कृतिक और कलात्मक विरासत के माध्यम से दिवाली से जुड़ने का अवसर प्रदान करना ही हमारा उद्देश्य है।

## अडानी पावर का तिमाही मुनाफा 49.9 प्रतिशत घटा

एजेंसी

**मुंबई।** निजी क्षेत्र की सबसे बड़ी ताप विद्युत कंपनी अडानी पावर लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में सकल शुद्ध मुनाफा इसके पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के 6594.17 करोड़ रुपये के मुकाबले 49.9 प्रतिशत घटकर 3297.52 करोड़ रुपये पर आ गया।

कंपनी ने निदेशक मंडल की बैठक के बाद सोमवार को शेयर बाजार को बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में उसे 3297.52 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ, जो वित्त वर्ष की इसी तिमाही के 6594.17 करोड़ रुपये से 49.9 प्रतिशत कम है। इस अवधि में उसकी कुल आय 14935.68 करोड़ रुपये की तुलना में 5.8 प्रतिशत की गिरावट के साथ 14062.84 करोड़ रुपये रह गया। वहीं, आलोच्य अवधि में कंपनी का कुल




व्यय 9712.11 करोड़ रुपये से बढ़कर 9928.76 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। अडानी पावर लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एस. बी. ख्यालिया ने कहा, अडानी पावर ने अपनी विकास यात्रा के अगले चरण की शुरुआत की है, जो तेजी से क्षमता विस्तार के मील के पत्थर हासिल कर रही है और दीर्घकालिक राजस्व स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए बिजली आपूर्ति समझौते हासिल कर रही है। कंपनी अपनी अंतर्निहित शक्तियों और प्रतिस्पर्धी लाभों का फायदा उठाकर लगातार मजबूत परिचालन और वित्तीय प्रदर्शन करती है। उन्होंने कहा कि इसकी विविध क्षमताएं और वित्तीय लचीलापन विकास के लिए एक ठोस आधार प्रदान करता है, जिससे यह विश्वसनीय, टिकाऊ और सस्ती बिजली आपूर्ति के साथ भारत के आर्थिक विकास का समर्थन करने के अपने दृष्टिकोण को साकार करने में सक्षम है।

# भारती एयरटेल में गोपाल विट्ठल का स्थान लेंगे शाश्वत शर्मा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दूरसंचार सेवायें प्रदान करने वाली प्रमुख कंपनी भारती एयरटेल ने श्री गोपाल विट्ठल ने स्थान पर कंपनी के मुख्य परिचालन अधिकारी शाश्वत शर्मा को प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के पद पर नियुक्त करने का ऐलान किया है जो एम जनवरी 2026 से नया कार्यभार ग्रहण करेंगे।

कंपनी ने आज निदेशक मंडल की बैठक के बाद यह जानकारी दी। कंपनी ने कहा कि पिछले बारह वर्षों से इस पर पदस्थ श्री विट्ठल के स्थान पर एक जनवरी 2026 से श्री शर्मा अपना कार्यभार ग्रहण करेंगे। इसके बाद श्री विट्ठल कंपनी के कार्यकारी उपाध्यक्ष का काम देखेंगे। कंपनी ने कहा कि श्री विट्ठल के कार्यकाल में एयरटेल ने मोबाइल, बी2बी, होम ब्रॉडबैंड, डीटीएच और डिजिटल



सेवाओं में कारोबार का एक विजयी पोर्टफोलियो बनाया है। यहां तक कि मोबाइल में, जो एक बेहद प्रतिस्पर्धी स्थान है, एयरटेल ने अपने राजस्व बाजार हिस्सेदारी को 30 प्रतिशत से 40 प्रतिशत तक बढ़ते देखा है। मजबूत व्यावसायिक प्रदर्शन के अलावा, एयरटेल ने सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा, विश्व स्तरीय डिजिटल क्षमताओं, तकनीकी सक्षमता और मजबूत मूल्यों के साथ एक लचीला संगठन बनाया है। इसके टैलेंट पूल में निहित ग्राहक जुनून और डिजिटल क्षमताएं इसके भविष्य को सुरक्षित करती हैं। पूंजी बाजार ने कंपनी के बाजार पूंजीकरण में पांच गुना वृद्धि के साथ इसे स्वीकार किया है जो 100 अरब डॉलर से अधिक है। उसने कहा कि श्री विट्ठल को रणनीतिक मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए भारती के नामित निदेशक के रूप में एयरटेल अफ्रीका पीएलसी के बोर्ड में नियुक्त किया जाएगा। इसके अलावा, वह नेटवर्क रणनीति, डिजिटल और प्रौद्योगिकी, खरीद और प्रतिभा जैसे चुनिंदा क्षेत्रों में समूह के तालमेल को आगे बढ़ाने के लिए जिम्मेदार होंगे। 1 जनवरी, 2026 को गोपाल भारती एयरटेल लिमिटेड के कार्यकारी उपाध्यक्ष की भूमिका में आ जाएंगे।


## भारती एयरटेल का मुनाफा 168 प्रतिशत उछला

**नयी दिल्ली।** दूरसंचार सेवायें प्रदान करने वाली प्रमुख कंपनी भारती एयरटेल ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 3593 करोड़ रुपये का शुद्ध आय अर्जित की है जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही की 1341 करोड़ रुपये की तुलना में 168 प्रतिशत अधिक है। कंपनी के प्रबंध निदेशक गोपाल विट्ठल ने निदेशक मंडल की बैठक के बाद यहां जारी वित्तीय लेखाजोखा में कहा कि जुलाई सितंबर 2024 की तिमाही में कंपनी का कुल परिचालन राजस्व 41473 करोड़ रुपये रहा है जो वित्त वर्ष 2023-24 की समान अवधि के 37044 करोड़ रुपये की तुलना में 12 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि भारतीय बाजार में उसके कुल 40.6 करोड़ ग्राहक हैं जो पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के 38.94 करोड़ ग्राहकों की तुलना में 4.4 प्रतिशत अधिक है। इसी तरह से वैश्विक स्तर पर कंपनी के कुल ग्राहकों की संख्या अभी 56.13 करोड़ है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की 54 करोड़ से 4.3 प्रतिशत अधिक है।

# पिछले लगातार पांच दिन की गिरावट से उबरा शेयर बाजार

एजेंसी

**मुंबई।** एशियाई बाजारों की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर धातु, रियल्टी, कमोडिटीज, हेल्थकेयर और दूरसंचार समेत सत्रह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत पिछले लगातार पांच दिन की गिरावट से उबरकर आज शेयर आधे प्रतिशत से अधिक की तेजी के साथ बंद हुआ। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 602.75 अंक अर्थात 0.76 प्रतिशत की छलांग लगाकर 80 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 80,005.04 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 158.35 अंक यानी 0.65 प्रतिशत उछलकर 24,339.15 अंक पर पहुंच गया। बीएसई का दिग्गज कंपनियों



की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.69 प्रतिशत की तेजी के साथ 45,765.78 अंक और स्मॉलकैप 1.11 प्रतिशत मजबूत होकर 52,915.55 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4153 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2579 में तेजी जबकि 1412 में गिरावट रही वहीं 162 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 36 कंपनियां हरे जबकि 14 लाल निशान पर रही।


बीएसई में कैपिटल गुड्स, ऊर्जा और सर्विसेज समूह की 1.16 प्रतिशत तकी गिरावट को छोड़कर अन्य 17 समूहों का रुख सकारात्मक रहा। इससे कमोडिटीज 1.79, सीडी 0.55, एफएमसीजी 0.74, वित्तीय सेवाएं 0.87, हेल्थकेयर 1.36, इंडस्ट्रियल्स 0.47, आईटी 0.60, दूरसंचार 1.37, यूटिलिटीज 0.33, ऑटो 0.80, बैंकिंग 0.71, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.34, धातु 1.21, तेल एवं गैस 0.27, पावर 0.34, रियल्टी 1.40 और टेक समूह के शेयर 0.60 प्रतिशत मजबूत रहा।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.07 और जर्मनी का डैक्स 0.03 प्रतिशत उतर गया। वहीं, जापान का निक्केई 1.82, हांगकांग का हैंगसेंग 0.04 और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.68 प्रतिशत की तेजी रही। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 251 अंक की तेजी के साथ 79,653.67 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 79,418.82 अंक के निचले स्तर तक टूट गया।

प्रधान सम्पादक, स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, राजकुमार यादव द्वारा राज आफसेट एबीसी काम्पलेक्स अपोजिट शुभम सिनेमा क्वीनटन रोड कैसरबाग, लखनऊ से मुद्रित कराकर 424-बी वैशाली इंक्लेब सेक्टर 9 इंदिरानगर लखनऊ से प्रकाशित।
समस्त विवाद वाराणसी न्यायलय के अधीन होंगे। फोन नं. 9935781155 E-mail :- info.shakuntimes@gmail.com RNI: UPHIN/2012/45286 प्रधान कार्यालय :- शक्तिपीठ, बरईपुर, सारनाथ, वाराणसी (उत्तर प्रदेश) पिन कोड - 221007

# प्रधानमंत्री मोदी आज नीमच, मंदसौर और सिवनी में चिकित्सा महाविद्यालयों का करेंगे वर्चुअल लोकार्पण

एजेंसी



**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल मध्यप्रदेश के नीमच, मंदसौर और सिवनी में चिकित्सा महाविद्यालयों को वर्चुअल लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज कहा है कि चिकित्सा के क्षेत्र में मध्यप्रदेश की नई पहचान बन रही है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी मंगलवार 29 अक्टूबर को नीमच, मंदसौर और सिवनी में चिकित्सा महाविद्यालयों का वर्चुअल लोकार्पण कर रहे हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री मोदी प्रदेश के 81 लाख किसानों के खातों में 1624 करोड़ रूपये अंतरित करेंगे और 512 आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों को नियुक्ति-पत्र वितरण भी करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस गति से प्रदेश के जिलों में चिकित्सा महाविद्यालय प्रारंभ किये जा रहे हैं, शीघ्र ही हर जिले में चिकित्सा महाविद्यालय होगा। डॉ यादव ने कहा है कि प्रदेश में चिकित्सा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए आगामी दो वर्ष में लगभग 25 हजार पदों को भरने की कार्य-योजना है। प्रदेश में मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए 200-250 एकड़ के क्षेत्र में मेडिकल पार्क विकसित होंगे, जिससे विभिन्न सुपर स्पेशलिटी सेवाएं आमजन को एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सकेंगी। प्रदेश के कुल 346 सामुदायिक केन्द्रों को एफआरयू में उन्नत करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ किए जाने की कार्य योजना तैयार की गई है। प्रदेश में सिकल सेल एनीमिया की रोकथाम एवं बचाव के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। समस्त जनजातीय बहुल जिलों में सिकल सेल एनीमिया की जांच की जा रही है। पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा के अंतर्गत प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों से अत्यंत गंभीर रूप से बीमार और दुर्घटनाग्रस्त लोगों को एयरलिफ्ट कर समय पर उपचार उपलब्ध करवाने के लिए राज्य सरकार ने संवेदनशील पहल की है। इस सेवा में प्रयुक्त होने वाले हेलीकाप्टर में स्ट्रेचर और पैरामेडिकल स्टॉफ की व्यवस्था रखी गई है। चिकित्सा शिक्षा विभाग और लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के विलय का निर्णय सुशासन और कार्यदक्षता का उदाहरण बना है। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत प्रदेश में अब तक 4 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड वितरित किए जा चुके हैं।

# अकाली-भाजपा सरकार ने पंजाब में ड्रग माफिया स्थापित किया: सोंध

एजेंसी

**चंडीगढ़।** पंजाब आम आदमी पार्टी (आप) ने सोमवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बाद अब बाबा बकाला में 100 किलोग्राम से अधिक हेरोइन के साथ कांग्रेस नेता की गिरफ्तारी से यह साबित होता है कि इन पार्टियों के नेताओं की ड्रग तस्करों के साथ बेहद गहरी सांठगांठ है।

पंजाब के कैबिनेट मंत्री तरूणप्रीत सिंह सोंध ने मार्कफेड के अध्यक्ष अमनदीप सिंह मोही के साथ आज पंजाब में मादक पदार्थों की तस्करी के गंभीर मुद्दे और कांग्रेस और भाजपा नेताओं की इसमें संलिप्तता पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में राजनीतिक दलों और राज्य में चल रहे ड्रग संकट के बीच संबंधों का खुलासा करते हुये कहा कि पंजाब पुलिस ने एक काउंटर-इंटेलिजेंस ऑपरेशन के दौरान बाबा बकाला से कांग्रेस मंडल प्रमुख नवजोत सिंह को गिरफ्तार किया था। अधिकारियों ने उसके कब्जे से 105 किलोग्राम हेरोइन, 31 किलोग्राम कैफीन, पांच विदेशी पिस्तौल और एक देशी बंदूक जब्त की। हेरोइन की अनुमानित कीमत करीब 500 करोड़ रुपये है। श्री सोंध ने कहा, मैं इस महत्वपूर्ण ड्रग शिपमेंट को रोकने में उनके असाधारण प्रयासों के लिये पंजाब पुलिस की सराहना करता हूं, जिन्होंने पाकिस्तान से जम्मू के रास्ते आई नशीले पदार्थो की बरामदगी की। यह ऑपरेशन नशीली दवाओं से संबंधित अपराधों से निपटने के लिये हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले भी एक और चौंकाने वाले मामले में एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने भाजपा की पूर्व विधायक सत्कार कौर को गिरफ्तार किया था। इसके बाद उनके भतीजे जसकीरत सिंह को भी पकड़ा गया, साथ ही उनके वाहन से 100 ग्राम हेरोइन भी बरामद हुई थी।

## संक्षिप्त सामाचार

### दिवाली पर शिमला में कैदियों की उत्पाद प्रदर्शनी का शुभारंभ

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की जेलों में कैदियों के उत्थान और उन्हें समाज से जोड़ने के उद्देश्य से विभिन्न उत्पादों का निर्माण किया जा रहा है। इस सिलसिले में, दिवाली के मौके पर रोटरी क्लब के सहयोग से कारागार विभाग ने कैदियों द्वारा निर्मित उत्पादों की तीन दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया। इस प्रदर्शनी का शुभारंभ महानिदेशक कारागार एवं सुधार सेवाएं संजीव रंजन ओझा ने किया।

उन्होंने कहा, कैदियों के हुनर को जेल के भीतर तराशा जा रहा है और उन्हें समाज से जोड़ने के लिए विभिन्न उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं, जिन्हें लोग भी काफी पसंद कर रहे हैं। उन्होंने अपील की कि आम लोग सजायाफ्ता कैदियों का हौसला बढ़ाने के लिए अधिक से अधिक उत्पाद खरीदें, ताकि उन्हें जेल के भीतर रोजगार के अवसर मिल सकें। यह प्रदर्शनी लोगों को कैदियों द्वारा निर्मित उत्पादों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ उनके उत्थान में भी योगदान देने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

### मोटरसाइकिल के पेड़ से टकराने से दो युवकों की मौत, एक घायल

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान में श्रीगंगानगर जिले के घमूड़वाली थाना क्षेत्र में 73-एलएनपी के समीप सोमवार को एक मोटरसाइकिल के पेड़ से टकराने से दो युवकों की मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मोहित, सुरेंद्र और विनोद कल हनुमानगढ़ में आयोजित एक जागरण में गये थे।

तीनों देर रात जागरण से वापस चक 32-एमएल के लिये रवाना हुये। सुबह करीब पांच बजे रिडमलसर- रतनपुरा मार्ग पर चक 73-एलएनपी के समीप अचानक उनके सामने कोई जंगली पशु आ गया, जिससे मोटरसाइकिल बेकाबू होकर सड़के किनारे पेड़ से टकरा गयी। पुलिस ने बताया कि इससे मोहित (18) और सुरेंद्र (21) की मौके पर ही गयी, जबकि विनोद कुमार (23) गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उसके परिजन श्रीगंगानगर के एक निजी अस्पताल ले गये जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने दोनों के शव रिडमलसर के सरकारी अस्पताल भिजवा दिये. जहां पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिये गये। शाम को उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### तटरक्षक बल के दो जहाज 'अदम्य' और 'अक्षर' लांच

**नयी दिल्ली।** भारतीय तट रक्षक ने सोमवार को गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (जीएसएल) द्वारा निर्मित दो फास्ट पेट्रोल वेसल (एफपीवी) जहाज 'अदम्य' और 'अक्षर' एक साथ लॉन्च किये। भारतीय तटरक्षक के प्रवक्ता ने बताया कि ये जहाज उन आठ जहाजों का हिस्सा है जिनके लिए जीएसएल से 473 करोड़ रूपये का अनुबंध किया गया है। ये दोनों 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री के साथ बनाये गये हैं। ये उन्नत जहाज सुरक्षा, निगरानी और ????नियंत्रण प्रणालियों से लैस हैं और इनसे तटरक्षकों को अपतटीय संपत्तियों और द्वीप क्षेत्रों की रक्षा में मदद मिलेगी। इनकी लंबाई 52 मीटर, चौड़ाई 8 मीटर, अधिकतम गति 27 समुद्री मील है और इसका वजन 320 टन है। जहाजों को अमेरिकन ब्यूरो ऑफ शिपिंग और इंडियन रजिस्टर ऑफ शिपिंग के कड़े दोहरे वर्ग प्रमाणीकरण के तहत आईसीजी की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिजाइन और निर्मित किया गया है।

# दिल्लीवासियों को स्वच्छ जल उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता: मिश्रा

एजेंसी




**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक विनय मिश्रा ने सोमवार को दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के उपाध्यक्ष का पद संभालने के बाद कहा कि दिल्लीवासियों को स्वच्छ और मुफ्त पानी उपल्ब्ध कराना उनकी प्राथमिकता होगी।

श्री मिश्रा ने पद सम्भालने के बाद कहा कि भारतीय जपा ने अपनी गंदी राजनीति के चलते डीजेबी को एक साल से अपंग बना दिया था, पानी की सप्लाई और सीवर की सफाई के काम ठप्प कर दिए थे। उन्होंने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय के संयोजक अरविंद केजरीवाल के दिशानिर्देश में फिर पटरी पर लौटेगा जल बोर्ड, हम दिल्लीवासियों की पानी और सीवर की समस्या को जल्द हल कर देंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा में जलने वाली पराली और वहां से यमुना में छोड़े जाने वाले औद्योगिक कचरे की वजह से दिल्ली में वायु और जल प्रदूषण हो रहा है। श्री मिश्रा ने कहा कि दिल्ली पिछले एक साल से चुनौतियों का सामना कर रही है। इन्होंने दिल्ली के कामों को रोकने में कोई कसर नहीं छोड़ी। पिछले एक साल से हर विभाग के काम में अड़चन डाली गई है। दिल्ली जल बोर्ड को भी पिछले एक साल से अपंग कर दिया था लेकिन अब अरविंद केजरीवाल बाहर आ गए हैं और उनके आने के बाद दिल्ली में युद्ध स्तर पर काम हो रहे हैं।

# हम वाराणसी की पीड़िता की लड़ाई में उसके साथ हैं: लाम्बा-फोगाट

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा तथा हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए नव निर्वाचित पहलवान विनेश फोगाट ने कहा है कि वाराणसी में पीड़ित महिला के परिजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ-भारतीय जनता पार्टी (आरएसएस-भाजपा) नेता की सह पर जेल में है और जिस पर आरोप लगे हैं, वह छुट्टा घूम रहा है इसलिए पीड़िता की लड़ाई में वे उसके साथ खड़ी हैं और मिलकर उसकी लड़ाई लड़ेंगी। महिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं सुश्री फोगाट ने सोमवार को यहां कांग्रेस मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पीड़िता को आरएसएस-भाजपा नेता चार साल से दुष्कर्म की धमकियां दे रहा है, लेकिन पुलिस में शिकायत करने पर उसे जेल भेजने की बजाय पीड़िता के परिजनों को ही जेल में डाल दिया और आरोपी खुला घूम कर भाजपा नेताओं का उसे बचाने के लिए आभार जता रहा है। श्रीमती लाम्बा ने कहा, बेटी बचाओ का नारा देने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी की एक बेटी की आपबीती है जिसे भाजपा आरएसएस नेता राजेश सिंह चार साल से उसे बलात्कार की धमकियां दे रहा है और सत्ता में बैठे लोगों का फायदा उठाकर आजाद घूम रहा है, जबकि पीड़िता का परिवार जेल में है। पीड़ित महिला अपने 9 साल के बच्चे और बूढ़े मां-बाप के साथ दर-दर की ठोकरें खा रही है और न्याय की गुहार लगा रही है।

उन्होंने कहा, राजेश सिंह का ट्विटर हैंण्डल देखेंगे तो उसमें महिलाओं को बलात्कार करने की धमकियां देने का सारा सबूत है। पीड़िता ने परेशान कर रहे राजेश की शिकायत वाराणसी के डीएम से की लेकिन कुछ नहीं हुआ। फिर महिला अपने पति और भाई के साथ राजेश के घर गईं और दोनों में हाथापाई हुई। उसे जेल नहीं हुई और यह आजाद घूम कर ट्वीट कर भाजपा नेताओं को धन्यवाद दे रहा है कि उस पर उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं होने दी।

### सीताक्का ने महाराष्ट्र के चांदवाड निर्वाचन क्षेत्र में प्रचार किया

**हैदराबाद/नासिक।** तेलंगाना की पंचायत राज मंत्री एवम वरिष्ठ कांग्रेस पर्यवेक्षक दानसारी अनसूया सीताक्का ने महाराष्ट्र चुनाव अभियान के तहत सोमवार को नासिक के बगलान में चांदवाड़ निर्वाचन क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान, मंत्री सीथक्का ने कांग्रेस उम्मीदवार शिरीष कोटवाल के साथ अंगूर और प्याज किसानों से मुलाकात की और उनके मुद्दों पर चर्चा की। स्थानीय किसानों ने उनसे हाल ही में हुई बारिश से फसल के भारी नुकसान के बावजूद महाराष्ट्र सरकार से पूर्ण समर्थन न पाने की शिकायत की। उन्होंने वित्तीय कठिनाई का हवाला देते हुए उपज का उचित मूल्य नहीं मिलने पर चिंता व्यक्त की। सुश्री सीताक्का ने मतदाताओं से किसान विरोधी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)-शिंदे सरकार को अस्वीकार करने का आग्रह किया और न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए कानून बनाने में

# दोहरी नागरिकता के आधार पर मुखिया बनी सावा प्रवीण उर्फ सावा खातून पदमुक्त

एजेंसी



**दरभंगा।** बिहार में दरभंगा जिले के केवटी प्रखंड के ग्राम पंचायत राज कोठिया के मुखिया को भारतीय नागरिक नहीं होने के आरोप में राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर पदमुक्त कर दिया गया है। दरभंगा के जिलाधिकारी राजीव रौशन ने आज यहां 'यूनीवार्ता' को बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार, पटना के विशेष कार्य पदाधिकारी के 23 अक्टूबर 2024 को जारी पत्र ज्ञापांक-3922 के द्वारा वाद संख्या-18/2024 जितेन्द्र प्रसाद बनाम साबा परवीन उर्फ सावा खातून मामले में राज्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा दिनांक-23.10.2024 को पारित आदेश की प्रति प्राप्त हुआ है। पारित आदेश में बताया गया है कि सावा परवीन उर्फ सावा खातून मुखिया चुनाव के नामांकन पत्र की संवीक्षा की तिथि को भारतीय नागरिक नहीं थी। जो कि निर्विवाद अभिलेखीय साक्ष्य एवं उनके स्वीकारोक्ति से प्रमाणित हो चुका है। इस प्रकार पंचायत राज अधिनियम-2005 की धारा-136 (1) (क) के तहत अयोग्यता होने के बाबजूद तथ्यों को छुपाते हुए, गलत शपथ पत्र के आधार पर इनके द्वारा निर्वाचन में भाग लिया गया तथा दरभंगा जिला के केवटी प्रखंड के ग्राम पंचायत राज कोठिया के मुखिया पद पर विजय प्राप्त कर ली गई, जो गैर विधिक होने के साथ-साथ गैर कानूनी भी है। जिला पदाधिकारी श्री रौशन ने बताया कि बिहार पंचायत राज अधिनियम 2006 की धारा-135 सह पठित धारा-136 (2) के तहत प्रदत शक्तियों के अधीन साबा परवीन उर्फ साबा खातून को तत्काल प्रभाव से पदमुक्त किया गया है। तद् ?नुसार मुखिया ग्राम पंचायत राज कोठिया का पद रिक्त हो गया है।अतएव राज्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा पारित आदेश एवं विहार पंचायत राज अधिनियम 2006 की धारा-17 (2) के तहत् ग्राम पंचायत राज कोठिया, प्रखंड केवटी के मुखिया के सभी शक्तियों का प्रयोग, सभी कार्यों का निष्पादन एवं सभी कर्तव्यो का निर्वहन हेतु उप मुखिया, ग्राम पंचायत राज कोठिया को प्राधिकृत किया गया है।उन्होंने बताया है कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर सावी परवीन उर्फ सबा खातून के विरुद्ध तथ्यों को छुपाने एवं गलत शपथ-पत्र देने के लिये बिहार पंचायत राज अधिनियम-2006 की धारा-125 (क) के प्रावधानों तथा अन्य सुसंगत धाराओं के अधीन तथा भारतीय नागरिक नहीं रहने के बावजूद भारत में होने वाले निर्वाचनों में भाग लेने को लेकर अपेक्षित सुसंगत धाराओं के अधीन कानूनी कार्रवाई भी की जा रही है।

# कर्नाटक सरकार ने वक्फ भूमि नोटिस वापस लिये

एजेंसी




**विजयपुरा।** कर्नाटक के मंत्री एचके पाटिल ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए किसानों की भूमि को वक्फ संपत्तियों के रूप में चिह्नित करने से संबंधित सभी नोटिस वापस लेने की घोषणा की। यह निर्णय विजयपुरा जिले के किसानों की शिकायतों को ध्यान में रखने के बाद लिया गया है, जिन्होंने दावा किया था कि उनकी भूमि को गलत तरीके से नामित किया गया था। श्री पाटिल ने आरोपों की गंभीरता को स्वीकार करते हुए कहा, हम गलती को सुधारने की पहल कर रहे हैं और जारी किए गए नोटिस वापस लिए जाएंगे। यह पता लगाने के लिए जांच आवश्यक है कि यह गलती कैसे हुई, जिसके बाद जिम्मेदार लोगों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने सोमवार को किसानों को आश्वस्त किया कि सरकार का उनकी भूमि को वक्फ संपत्ति में बदलने का कोई इरादा नहीं है। उन्होंने इसकी पुष्टि की, अगर कोई गलती हुई है, तो उसे सुधारा जाएगा और जिम्मेदार लोगों को इसका खामियाजा भुगतना होगा। भूमि सही मायने में उसके असली मालिकों की है। इस विवाद ने कृषि समुदाय के बीच महत्वपूर्ण चिंताएँ पैदा कर दी हैं, जो इस मुद्दे को हल करने में सरकार के अगले कदमों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बेंगलुरू दक्षिण के भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने विजयपुरा के उन किसानों से मुलाकात की, उनकी संपत्तियों को गलती से वक्फ संपत्ति के रूप में चिह्नित किया गया था। उन्होंने इस स्थिति पर कांग्रेस सरकार की कड़ी आलोचना की।

श्री पाटिल ने टिकोटा तालुक के होनवाड़ा में वक्फ संपत्ति के रूप में नामित 1,200 एकड़ के बारे में 'भ्रम' को स्पष्ट करने का प्रयास किया और कहा कि यह गलत लेबलिंग राजपत्र अधिसूचना में 'त्रुटि' के कारण हुई है। उन्होंने ने स्पष्ट किया कि 1,200 एकड़ में से केवल 11 एकड़ ही वास्तव में वक्फ संपत्ति है। उन्होंने इन मुद्दों को हल करने के लिए उपायुक्त के नेतृत्व में एक टास्क फोर्स के गठन की घोषणा की। कानून मंत्री ने टिप्पणी की कि एमबी पाटिल के बयान ने विवाद को प्रभावी ढंग से हल कर दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए राजनीतिक लाभ के लिए मामले को लंबा खींचना अनुचित होगा।

# सब्जी उत्पादन से किसानों की आमदनी होगी दुगुनी: मंगल

एजेंसी



**पटना।** बिहार के कृषि मंत्री मंगल पांडे ने आज कहा कि आलू एवं सब्जी उत्पादन से किसानों की आमदनी दोगुनी होगी। श्री पांडे ने सोमवार को यहां रबी मौसम के लिए ब्रोकली, शिमला मिर्च, टमाटर, फूलगोभी एवं बंदगोभी के हाईब्रिड सब्जी के बिचड़े का सांकेतिक वितरण कर आलू एवं सब्जी महाभियान की शुरुआत करने के बाद कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में किसान भाइयों को कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल रहा है। देश में सब्जी की खेती में बिहार का चौथा स्थान है। उन्होंने कहा कि कृषि आधारित अर्थव्यवस्था में सब्जी उत्पादन महत्वपूर्ण घटक है। मंत्री ने कहा कि राज्य में कुल 202 शीतगृह कार्यरत हैं, जिसकी कुल भण्डारण क्षमता लगभग 12 लाख 30 हजार मीट्रिक टन है। राज्य की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था में सब्जी उत्पादन एक अत्यंत महत्वपूर्ण घटक है। भूमि उपयोग सुधारने, फसल विविधता को बढ़ावा देने, रोजगार के अवसर बढ़ाने तथा खाद्य एवं पोषण सुरक्षा प्रदान करने में सब्जियों की अपनी अलग उपयोगिता है। श्री पांडे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि दुनियाभर में भारतीय किसानों की उपज पहुंचे। साथ ही वह आर्थिक रुप से सशक्त हों। उन्होंने कहा कि हम आशा करते हैं कि राज्य के सभी कृषक विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के साथ जुड़कर लाभान्वित होंगे तथा राज्य की सब्जी फसलों के उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि के लिए अपना परस्पर सहयोग करेंगे। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) की ओर से इस वित्तीय वर्ष 2024 - 25 में आलू प्रजनक बीज, प्रभेद कुफरी पुखराज की 200 क्विंटल प्राप्ति राज्य सरकार को हुई है।

### सेल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह शुरू

**नयी दिल्ली।** इस्पात क्षेत्र की कंपनी भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड (सेल) ने ईमानदारी, पारदर्शिता और नैतिक प्रणालियों को बढ़ावा देने के लिए आज से 03 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह की शुरूआत की। कंपनी ने बयान जारी कर बताया कि इस कार्यक्रम की शुरुआत सोमवार को सेल के नई दिल्ली स्थित कॉर्पोरेट ऑफिस में सेल अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश, निदेशक (वाणिज्यिक) वीएस चक्रवर्ती, निदेशक (वित्त) ए. के. तुलसियानी, निदेशक (कार्मिक) के. के. सिंह, निदेशक (तकनीकी, परियोजनाएं और कच्चा माल) ए. के. सिंह, और सेल के सीवीओ एस. एन. गुप्ता ने सरदार वल्लभ भाई पटेल को पुष्पांजलि अर्पित करके की।

इसके बाद सेल के अध्यक्ष प्रकाश ने सेल के सभी सदस्यों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। इस सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान सेल के देश भर में स्थित संयंत्रों और इकाइयों में कई तरह की गतिविधियों का आयोजन होगा, जिनका उद्देश्य सेल में नैतिक मानकों को सुदृढ़ बनाना है।


केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री एवं महराजगंज सांसद पंकज चौधरी और पनियरा विधायक ज्ञानेन्द्र सिंह शकुन टाइम्स अखबार को प्रमुखता से पढ़ते हुए

RNI : UPHIN/2012/45286

शकुन टाइम्स
(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पंजीकृत

YouTube shakuntimes



आवश्यकता है

भारत के समस्त राज्यों व जिलों में अनुभवी और तेज तर्रार प्रेस रिपोर्टरों की

यदि आप में है गलत को गलत कहने की हिम्मत
तो शकुन टाइम्स में आपका स्वागत है

नोट : प्रिंट एवं डिजिटल मीडिया में एक साथ कार्य करने का सुनहरा अवसर

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :- 9415052283, 9506320127
संपर्क कार्यालय : शक्तिपीठ,सारनाथ,वाराणसी (उ.प्र.) 221007